हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 25 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 301, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08



तमन्ना भाटिया के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी

## अटल जी देश-समाज बनाने के लिए करते थे राजनीति : राजनाथ सिंह

### अटल जी के पदचिह्नों पर चलकर मोदी ने भी प्रारंभ की स्वास्थ्य संबंधी अनेक योजनाएं

**एजेंसी, लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे तब अटल जी संसद में नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ के फोरम पर जेनेवा में भारत का पक्ष प्रस्तुत करना था, तब नरसिम्हा राव ने कहा कि यह कार्य प्रभावी ढंग से केवल अटल जी ही कर सकते हैं। अटल जी जेनेवा गए। अटल जी का व्यक्तित्व विलक्षण था। यह ऐसे लोग होते हैं, जो राजनीति कुछ प्राप्त करने, कद ऊंचा करने के लिए नहीं बल्कि देश-समाज बनाने के लिए करते थे। रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



साथ मंगलवार को दिलकुशा लॉन, कैंटोमेंट लखनऊ में 'अटल स्वास्थ्य मेला' का शुभारंभ किया। राजनाथ सिंह ने अटल जी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए। रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक योजनाएं प्रारंभ कीं। मोदी जी भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। देश में 40 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। इसके तहत अब 70 वर्ष से ऊपर हर किसी काा पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज होगा। जनऔषधि केंद्रों पर भी 50 से 80 फीसदी सस्ती दवाएं प्राप्त हो रही हैं। लोगों को इन केंद्रों की जानकारी देनी चाहिए। हमारी सरकार आने के बाद मोदी जी के नेतृत्व में 22 एम्स को स्वीकृति दी गई थी। इसमें 12 से अधिक एम्स बनकर तैयार हो गए, 4 पर कार्य चल रहा है। 2014 में देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब इनकी संख्या 780 हो गई है। एमबीबीएस की सीटें पहले 50 हजार थीं, अब 1.20 लाख पहुंच गई हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि यूपी में भी योगी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार स्वास्थ्य कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में तेज एंबुलेंस सेवा योगी जी ने प्रारंभ की। त्वरित उपचार व हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में योगी जी के कार्यों की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। योगी सरकार ने मेडिकल कॉलेज की संख्या व सीटों में वृद्धि का नया रिकॉर्ड कायम किया है। अलग-अलग चरणों में केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा 2017 में 27 मेडिकल कॉलेज बनने शुरू हुए हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100वीं जयंती पर केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशीला रखेंगे मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई और पेयजल की सुविधा मिलेगी। साथ ही हरित ऊर्जा में 100 मेगावाट से अधिक का योगदान सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री कल अपने मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। वे 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे। ये भवन स्थानीय स्तर पर सुशासन के लिए ग्राम पंचायतों के कार्य और जिम्मेदारियों के व्यावहारिक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के सरकार के मिशन में योगदान देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा की राजनीति चोरी और सीनाजोरी जैसी : केशव मौर्य

**एजेंसी, बरेली** । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति "चोरी और सीनाजोरी" जैसी है। बरेली दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मौर्य ने सपा सरकार के कार्यकाल में हुए दलितों पर अत्याचार और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कथित अपमानजनक रवैये की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मैनपुरी में दलित परिवार की बेटी के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सपा सरकार में ऐसी घटनाएं आम थीं, जिन्हें प्रदेश की जनता अब तक नहीं भूली है। मौर्य ने कहा, "सपा और कांग्रेस केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए दिखावा कर रहे हैं। जनता इनकी सच्चाई को जान चुकी है।"

### आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी में कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**। कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी है। सूत्रों ने बताया कि उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही 28 और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। कांग्रेस ने माह के शुरुआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस सूची में कांग्रेस ने बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मैदान में उतारा है। पूर्व लोकसभा सदस्य और तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे, संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से मैदान में उतारा गया है।

### भारत में रह रही सीमा हैदर हुई प्रेग्नेंट, पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर भड़का

**एजेंसी, करांची**। नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भागकर भारत आई सीमा हैदर के मां बनने की खबरें सामने आने लगी हैं। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव में अपने प्रेमी सचिन के रह रही सीमा हैदर ने कहा है कि वह प्रेग्नेंट है। सीमा के इस बयान के बाद उसका पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर भड़क उठा। उसने कहा कि वह अपने जायज बच्चों की परवरिश नहीं कर सकी और अब नाजायज औलाद पैदा कर रही है। गुलाम हैदर ने कहा कि एक दिन वह कानून की जद में जरूर आएगी। गुलाम हैदर ने एक यूट्यूब लाइव में सीमा हैदर को खूब खरी खोटी सुनाई। एक फॉलोअर की ओर से जब सीमा की प्रेग्नेंसी को लेकर सवाल किया तो गुलाम ने कहा कि जो औरत अपने जायज औलादों की परवरिश ना कर पा रही है वह नाजायज औलादें पैदा करे या ना करे फर्क नहीं पड़ता।

## हिमाचल प्रदेश में रुक-रुक कर बर्फबारी, 3 एनएच सहित 174 सड़कों पर यातायात बंद

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बर्फबारी जारी है। शिमला के कुफ़री, नारकण्डा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति सहित अन्य अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फ़बारी हो रही है। इस बर्फबारी ने कई जिलों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कई जिलों की सड़कें बर्फबारी से अवरुद्ध हो गई हैं। बर्फबारी से सैंकड़ों ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। जिसके कारण कई उपमण्डलों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है, लेकिन बर्फबारी और ठंड की वजह से कार्यों में देरी हो रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के चलते तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 174 सड़कें पूरी तरह से बंद हो गई हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 89 सड़कों पर यातायात बाधित है। इनमें जिला के ऊपरी इलाकों की सड़कें शामिल हैं।किन्नौर में 44, मंडी में 25, कांगड़ा में छह, कुल्लू में चार लाहौल स्पीति में दो और चम्बा में एक सड़क बंद है। कुल्लू में दो और लाहौल-स्पीति में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग बर्फबारी से बंद है। ऊना जिला में हुई वर्षा से तीन सड़कों पर आवाजाही ठप है। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में जारी बर्फबारी के कारण कई प्रमुख सड़कें सोमवार से वाहनों के लिए अवरुद्ध हो गई हैं। इन सड़कों पर बर्फ और फिसलन के कारण यात्रा करना खतरनाक हो सकता है। पुलिस प्रशासन ने इन मार्गों पर यात्रा से बचने की सलाह दी है। शिमला पुलिस के मुताबिक ठियोग-चौपाल सड़क खिड़की के पास, ठियोग-रोहड़ू सड़क खड़ापत्थर के पास, ठियोग-रामपुर सड़क नारकण्डा के पास और शिमला-कुफरी-ठियोग मार्ग, मशोबरा बाईफर्केशन से ठियोग तक अवरुद्ध है। शिमला पुलिस ने लोगों व पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे इन मार्गों पर यात्रा न करें। यदि यात्रा अत्यंत आवश्यक हो तो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जाए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क करने की अपील की गई है। आपातकालीन संपर्क नंबर 01772812344, 112 या निकटतम पुलिस स्टेशन पर उपलब्ध हैं। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। इस बीच प्रशासन ने सड़कों को खोलने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं, लेकिन बर्फबारी के चलते रोड खुलने में समय लग सकता है। हालांकि ऊपरी शिमला में कई पर्यटक बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह एक बड़ी मुसीबत बन चुकी है।

### बिजली आपूर्ति पर असर, 683 ट्रांसफार्मर ठप



बर्फबारी और तूफान के चलते राज्य में बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है। 683 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं, जिससे हजारों घरों में बिजली गुल हो गई है। सिरमौर जिला में तूफान चलने से सर्वाधिक 456 ट्रांसफार्मर ठप हुए हैं। लाहौल-स्पीति में 139, मंडी में 54, किन्नौर में 27 और चम्बा में सात ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। बिजली बोर्ड द्वारा इन ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बर्फबारी और ठंड के कारण राहत कार्यों में भी कठिनाई हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि जैसे-जैसे मौसम ठीक होगा तो इन ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द ठीक किया जाएगा।

## भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन से पुलिस ने की तीन घंटे पूछताछ

**एजेंसी, हैदराबाद**

संध्या थिएटर में भगदड़ में एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अभिनेता अर्जुन अल्लू से तीन साढ़े घंटे तक पूछताछ की। उनके साथ अल्लू के पिता अल्लू अरविंद, चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। अभिनेता अल्लू अर्जुन पुलिस की पूछताछ के अपने पिता फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद के साथ मंगलवार सुबह 11.05 बजे चिक्कडपल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे। उनके साथ अल्लू अर्जुन के चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। सेंट्रल जोन के डीसीपी आकांक्ष यादव ने एसीपी रमेश और इंस्पेक्टर राजुनाईक की मौजूदगी में उनसे दोपहर 2.47 बजे तक संध्या थिएटर में भगदड़ की घटना के घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद अल्लू अर्जुन सीधे जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर पहुंच गए। दरअसल, 4 दिसंबर की रात को अल्लू अर्जुन हैदराबाद में स्थित संध्या थिएटर में पुष्पा-2 का प्रीमियर शो देखने गए थे। तभी वहां अधिक भीड़ के बीच भगदड़



मचने से रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गई थी और उनका बेटा श्रीतेज घायल हो गया था। इस मामले में चिक्कडपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन अल्लू को हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी। इस घटना के बाद तेलंगाना विधानसभा में अल्लू अर्जुन के मामले में मुख्यमंत्री के बयान पर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने 22 दिसंबर को अल्लू अर्जुन के घर तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से छह लोगों को 23 दिसंबर को जमानत दे दी गई थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने हाल ही में भगदड़ की घटना का 10 मिनट का वीडियो जारी किया था।

## पत्नी को जलाकर मारने वाले पति को आजीवन कारावास

**एजेंसी, मालदा**

मालदा जिला अदालत ने पत्नी को जलाकर हत्या करने के मामले में पति को दोषी पाया है। न्यायाधीश ने आरोपित पति राजीव रजकको आजीवन कारावास के अलावा दस हजार रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। 12 साल बाद अपनी बेटी को न्याय मिलने से परिजन खुश हैं। सरकारी वकील प्रशांत कुंडू ने बताया कि घटना 26 दिसंबर 2012 की है। मृतक के पिता मंटू रजक ने कालियाचक थाने में बेटी को जलाकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। शिकायत में उन्होंने कहा कि उनकी बेटी रानू रजक को उसके पति और परिवार के सदस्यों



द्वारा रूपये के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इस अत्याचार को सहन न कर पाने के कारण बेटी उसके पास आ गई थी। 23 दिसंबर 2012 को ससुराल वाले उसकी बेटी को दोबारा घर ले गए। 26 दिसंबर की रात पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि उसकी बेटी आग में जल गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बजट पर सुझाव के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 पर उनके विचार और सुझाव जानने के लिए एक बैठक की। दरअसल बजट से पहले हमेशा हर क्षेत्र के विषेषज्ञों की राय ली जाती है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ-साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी



बीवीआर सुब्रमण्यम, देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि अगामी केंद्रीय बजट के संदर्भ में आर्थिक विशेषज्ञों के विचार एवं सुझाव जानने के लिए यह बैठक आयोजित की गयी। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी।

## केंद्र ने 5 राज्यों के राज्यपाल बदले

### आरिफ मोहम्मद केरल से बिहार भेजे गए

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने मंगलवार शाम को 3 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए, जबकि दो राज्यों में राज्यपालों की अदला-बदली की। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल और पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह को मिजोरम का नया गवर्नर बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया है। उधर बिहार और केरल के राज्यपालों की अदल-बदली की गई। केरल के मौजूदा राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का और बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल भेजा गया है। अजय कुमार भल्ला पूर्व गृह सचिव रह चुके हैं। सर्विस के दौरान केंद्र सरकार ने 4 बार उनका सेवा विस्तार किया था। अजय कुमार को लंबा प्रशासनिक अनुभव है। उनकी मणिपुर में नियुक्ति इस नजरिए से भी खास समझी जा सकती है है कि मणिपुर में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरु हुई थी जो अब भी जारी है। मणिपुर हिंसा को 600 दिन पूरे हो चुके हैं। इस दौरान अब तक 237 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 1500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए, 60 हजार लोग घर छोड़कर रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। अब तक 11 हजार FIR दर्ज की गईं हैं और 500 लोगों को अरेस्ट किया गया



है। पूरे राज्य में सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की 288 कंपनियों में करीब 40 हजार जवान तैनात हैं। जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह, दो बार केंद्र मंत्री भी रहे। जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह ऐसे पहले आर्मी चीफ हुए, जिन्होंने कमांडो की ट्रेनिंग ले रखी है। जनरल सिंह आजाद हिंदुस्तान के 26वें आर्मी चीफ रहे हैं। जनरल के पिता आर्मी में ही कर्नल और दादा जूनियर कमीशंड ऑफिसर थे। 16 दिसंबर 1971 के भारत-पाकिस्तान वॉर में वीके सिंह भी शामिल हुए थे। सिंह को ऑपरेशन पवन के दौरान उनकी विशिष्ट सेवा के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल (PVSM), अति विशिष्ट सेवा मेडल (AVSM) और युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। वे मोदी सरकार में दो बार 2014-19 तक विदेश राज्य मंत्री रहे। दूसरी बार 2019-24 तक नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे।

## झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्य में पेसा कानून को जल्द लागू करने की उठी मांग

**एजेंसी । रांची**


राष्ट्रीय पेसा दिवस पर झारखंड के रांची स्थित होटल में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए ग्राम प्रधानों ने एक स्वर से कहा कि झारखंड में जल्द से जल्द पेसा कानून लागू किया जाना चाहिए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विवेक भारद्वाज ने कहा कि पेसा अधिनियम जल, जंगल और जमीन के प्रबंधन में जनजातीय समुदायों को अधिकार और संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने झारखंड सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड ने पेसा के विषय पर एक लोकगीत तैयार किया है, जो इसे अन्य राज्यों से




अलग बनाता है। विवेक भारद्वाज ने झारखंड के प्रधान सचिव को प्रस्ताव दिया कि 26 जनवरी को आयोजित ग्राम पंचायत बैठकों में प्रत्येक गांव की जनजातीय परंपराओं को सूचीबद्ध किया जाए। केंद्र सरकार इस प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। भारद्वाज ने यह सुझाव भी दिया कि 15 अगस्त को ग्राम सभाओं में इन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाए और इसे मान्यता दी जाए। इस प्रयास से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के महत्व से अवगत कराया जा सकेगा। उन्होंने झारखंड से इस पहल की शुरुआत करने का आह्वान किया और इसे बाद में अन्य राज्यों जैसे छत्तीसगढ़ में लागू करने की बात कही। कार्यशाला में पेसा अधिनियम के प्रावधानों, इसके क्रियान्वयन में चुनौतियों और अनुसूचित क्षेत्रों में शासन को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने और ग्राम सभाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि पेसा कानून लागू नहीं होने के कारण गांवों में विकास नहीं हो पा रहा है। नियमावली तैयार होने के बावजूद इसे अमलीजामा अब तक नहीं पहनाया जा सका है। देश के 10 आदिवासी बहुल राज्यों में पेसा एक्ट लागू है। यह कानून 1996 में बना था। कानून बने 28 साल हो गए लेकिन झारखंड में इसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है। इस कानून के लागू होने से बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं पर अंकुश लगता। राज्य के संसाधनों को भी बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पेसा अधिनियम की विशेषताओं पर केंद्रित एक लघु फिल्म और गीत प्रस्तुत किया गया। आदिवासी परंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समुदायों की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया। साथ ही पैनल चर्चाओं में पारंपरिक ग्राम सभाओं और पंचायत शासन के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। पंचायती राज मंत्रालय और झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना और पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा अधिनियम) के प्रावधानों पर जागरुकता फैलाना था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी



**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने क्रिसमस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश त्याग, शान्ति, प्रेम एवं करूणा का है जो सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिये है। प्रभु यीशु मसीह के संदेश को हम अपने जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि क्रिसमस का पर्व राज्यवासियों में प्रेम, सद्भाव के साथ-साथ सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आयेगा।

### विपक्ष जब भी सत्ता में रहा है तो उसने बिहार का सिर्फ दुर्गति ही की है : डॉ0 राजेश भट्ट



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता डॉ0 राजेश भट्ट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा को विपक्ष द्वारा दुर्गति यात्रा कहने पर विपक्ष पर जमकर हमला बोला है। डॉ0 भट्ट ने कहा कि विपक्ष को प्रदेश की प्रगति पर बोलने का कोई नैतिक आधार नहीं है यह सच है विपक्ष जब सत्ता में आसीन थी तब उन्होंने बिहार की सिर्फ दुर्गति ही की है। इस लिए विपक्ष को प्रगति की जगह दुर्गति ही दिखाई दे रही है जो बेहद अफसोस जनक है। डॉ0 भट्ट ने कहा कि विपक्ष को सत्ताजीवी बताते हुए कहा कि जब ये सत्ता से दूर हो जाते है तब उन्हें जनता जनार्दन की याद आती है। विपक्ष द्वारा हाल के दिनों में तरह-तरह के लोक-लुभावन घोषणायें की जा रही है। उन्हें बिहार की माताओं और बहनों की याद आ रही है, जो हास्यास्पद है। जब राजद का शासन काल था तब उनके शासन काल में महिलाओं की क्या स्थिति रही है। वह बिहार की माताओं और बहनों को भली-भांति याद है। डॉ0 भट्ट ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को दुर्गति से प्रगति की ओर लाने का बेहद सराहनीय कार्य किये है। जो विपक्ष पचा नहीं पा रही है। बिहार के विकास के लिए जिन्होंने कार्य किया है उन्हें ही प्रगति यात्रा निकालने का नैतिक अधिकार है। प्रगति यात्रा के तहत मुख्यमंत्री सभी योजनाओं की समीक्षा और नयें योजनाओं की प्लानिंग पहले भी करते रहें है, बिहार में एनडीए की सरकार ही सिर्फ बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### धक्का मुक्की कर कांग्रेस के अंबेडकर सम्मान मार्च को रोकना लोकतंत्र पर कुठाराघात : अखिलेश

**पटना।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में आज कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रव्यापी सम्मान मार्च का आयोजन किया गया जिसके तहत आज राजधानी पटना में यारपुर बाघ मूर्ति मंदिर के पास, अम्बेदर प्रतिमा के समीप,गर्दनीबाग, पटना से शहीद स्मारक (सप्तमूर्ती) सचिवालय तक सम्मान मार्च का आयोजन संयुक्त रूप से पटना महानगर कांग्रेस तथा पटना जिला के दोनों ग्रामीण कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया गया। जिसमें बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह ने भी भाग लिया। गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ सदन के अंदर किए गए अपशब्दों को लेकर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। इस मार्च को स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा आगे बढ़ने से रोक दिया गया जिसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। मार्च रोके जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसी बीच सड़क पर बैठ गए। जिससे यह सम्मान मार्च धरना में तब्दील हो गया। इसके उपरांत प्रशासन के खिलाफ मौन प्रदर्शन कर कांग्रेसियों के द्वारा वापस अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मान मार्च को समापन किया गया।जिसको संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा विपक्ष की आवाज का दमन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आज प्रशासन ने कांग्रेस कार्यकतार्ओं को सम्मान मार्च से जिस प्रकार रोका उस यह सब जाहिर होता है कि देश तथा राज्य में तानाशाही की स्थिति है।उन्होंने कहा की देश संविधान से चलेगा और जब तक गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देते हैं कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।उन्होने आरोप लगाया की भाजपा और इसके नेता देश को नागपुरिया किताब से चलाना चाह रहे हैं। देश में अराजकता माहौल बनाकर संवैधानिक मूल्यों का ह्रास किया जा रहा है। सदन से बाबा साहब के प्रति अपमानजनक बात करने की हिमाकत करने वाले गृह मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। इस दौरान पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक,अंबुज किशोर झा,पटना महानगर के अध्यक्ष शशि रंजन,ग्रामीण अध्यक्ष सुमित कुमार सनी तथा कार्यकारी अध्यक्ष गुरजीत सिंह ने पटना जिलाधिकारी से मिल कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### पुनौराधाम के लिए अंतिम किश्त के रूप में 1.1058 करोड़ रुपये स्वीकृत

**पटना।** सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मां जानकी की जन्मस्थली "पुनौराधाम" के पर्यटकीय विकास के लिए 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु द्वितीय व अंतिम किश्त के रूप में पर्यटन विभाग द्वारा एक सौ दस करोड़ अट्ठावन लाख सड़सठ हजार एक सौ पचहत्तर रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है।ध्यातव्य है कि राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के उपरांत पर्यटन विभाग द्वारा 18 नवम्बर 2024 को सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौराधाम मंदिर के आस-पास नये पर्यटकीय विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण हेतु रकबा 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण के निमित्त राशि एक सौ बीस करोड़ अट्ठावन लाख सड़सठ हजार एक सौ पचहत्तर रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए योजना के कार्यान्वयन हेतु उपलब्ध आवंटन के अनुसार ?10 करोड़ जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को विमुक्त किया जा चुका है।पर्यटन मंत्रीनीतीश मिश्रा ने बताया कि पुनौराधाम (सीतामढ़ी) का पर्यटकीय विकास श्री अयोध्याधाम की तर्ज पर करने की दृष्टि से विगत 21 दिसम्बर को श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के चैयरमैन एवं ट्रस्ट सदस्य श्री नृपेन्द्र मिश्र से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया था। निश्चित ही आने वाले समय में रामायण पथ से जुड़े मां जानकी के जन्मस्थान पुनौराधाम को दिव्य व भव्य धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में देश के मानचित्र पर स्थापित किया जा सकेगा एवं यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर पर्यटकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रही विकास योजनाओं का लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दूसरे दिन पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रहे विकासात्मक योजनाओं का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने सुगौली प्रखंड स्थित उतरी सुगांव पंचायत के वार्ड संख्या-8 में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भवन के ग्राम कचहरी न्यायालय, मुखिया कक्ष, पंचायत सचिव कक्ष, डाकघर का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काफी अच्छे ढंग से पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है। इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। हम चाहते हैं कि जून 2025 तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण हो जाए। यह मेरा ही कॉन्सेप्ट है कि केंद्र और राज्य सरकार की तर्ज पर पंचायत सरकार का भी अपना भवन

### » जीविका दीदियों के साथ किया संवाद

हो। हमलोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव संपन्न हो गये हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं जीतकर आई हैं। नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के समीप स्थित जीविका भवन में होने वाली गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली। प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तथा उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता जाहिर की। संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने स्वयं सहायता समूह और राज्य सरकार की योजनाओं से मिल रही सहूलियत के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। जीविका दीदियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के गठन से हम महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है, इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। सतत् जीविकोपार्जन योजना के साथ ही महिलाओं के उत्थान को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से परिवार में महिलाओं



की इज्जत बढ़ी है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य सरकार द्वारा लड़कियों के लिए चलाई जा रही पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रोत्साहन योजना के कारण उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। नशामुक्ति अभियान से महिलाओं के जीवन में शांति कायम हुआ है। समाज में प्रेम का वातावरण बना है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा और प्रताड़ना की घटनाएं अब न के बराबर हो गई है। इसके लिए बिहार के महिलाएं माननीय मुख्यमंत्री जी के आभारी हैं। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ही स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने इससे प्रभावित होकर आजीविका नाम रखा। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो देश के अलग-अलग हिस्सों में जाने का मौका मिला। उस समय हमने देखा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश की महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। उस समय बिहार में काफी कम स्वयं सहायता समूह थे। बिहार के लोगों ने जब 24 नवंबर 2005 से हमें काम करने का मौका दिया तो हमने बिहार के विकास का काम प्रारंभ किया। वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या अधिक से अधिक बढाने का प्रयास किया। अब बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। अब शहरी इलाकों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू किया गया है। इनसे अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए हमलोग हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पुरुष हो या महिला, सबको समान रूप से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। आप सभी इन कामों को भूलिएगा मत। महिलाओं के उत्थान के लिए जो काम हमलोगों ने किया है उसे याद रखियेगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के बरियारपुर-कचहरी चौक पथ में एल0सी0-159 पर 29.242 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित ऊपरी पुल (आर०ओ०बी०)-सह पथ के संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आर०ओ०बी० बन जाने से मोतिहारी शहर में लगने वाली जाम की समस्या दूर होगी। लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम मजुराहा में धनौती नदी पर पुल निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने निर्मित होने वाले पुल के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पुल के निर्माण का काम यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। इसके बन जाने से सम्पर्कता बढ़ेगी और आसपास के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, गन्ना उद्योग मंत्री श्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक श्री प्रमोद कुमार, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, पूर्व विधायक श्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद श्री सतीश कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर० पुडकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह मोतिहारी के प्रभारी जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र श्री जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार राजनीतिक के कोहिनूर है नीतीश कुमार : डॉ. मधुरेंदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू नेता डॉ. मधुरेंदु पांडेय एवं पल्लवी पटेल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार का राजनीतिक कोहिनूर बताते हुए कहा कि बिहार के लिए यह सौभाग्य की बात है कि राजनीतिक क्षेत्र में नीतीश कुमार के रूप में ऐसा अनमोल रत्न मिला जो कि राजधर्म का पालन करते हुए सत्ता का उत्कृष्ठ संचालन कर बिहार जैसे अति पिछड़े राज्य में विकास की धारा बहा कर देश की चहुंमुखी विकास के साथ जोड़ा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार का अब तक का सबसे बेहतर मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि बिहार को अब तक ऐसा मुख्यमंत्री नहीं मिला है जो जाति





और धर्म से ऊपर उठकर बिहार की सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत गंभीर और संवेदनशील रहे। नेता डॉ पांडेय ने कहा कि बढ़ते और बदलते बिहार के पूर्ण विकास के लिए 2025 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अहम जरूरत है। विपक्ष को अनुभवहीन व नेतृत्व विहीन करार देते हुए कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई विकल्प मौजूद नहीं है।विपक्ष में जाति आधारित राजनीति करने वालों की तादाद बहुत ज्यादा है साथ ही आधे दर्जन नेता मुख्यमंत्री के दावेदार हैं।जिसका बिहार में आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में बिहार की जो तस्वीर है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अहम योगदान है। वर्तमान दौर में एक ओर जहां विपक्षी नेता बयानवीर बन रहे हैं वहीं मुख्यमंत्री का जन संपर्क कर करीब से पुरूष व महिलाओं के सामुहिक विकास का रास्ता तलासने का काम किया है। जाहिर सी बात है कि सूबे का विपक्ष बेकाम हो गयी है। महिला समाज के प्रति दोयम दर्जा रखने वाले राजद प्रमुख खुद तो हासिए पर चले गये है अब वे बिहार की जनता के बीच अनर्गल बातें करते हुए राजनीतिक दलों को भ्रम में रखने की जुगत में हैं लेकिन बिहार की सभी महिलाएं राजद की दोहरी भूमिका को समझ गयी हैं।यही कारण है कि इस यात्रा में महिलाओं की रूची बढ़ी है।

## आरजेडी की ये कैसी बैठक जिसमें ना तो राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हुए और ना ही प्रदेश अध्यक्ष : मनीष

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जद यू प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने मीडिया में जारी बयान में आरजेडी की आज हुई संगठनात्मक बैठक पर तंज कसते हुए कहा कि आखिर ये कैसी संगठनात्मक बैठक है जिसमें ना तो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद शामिल हुए और ना ही प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ही शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दरअसल आरजेडी बस लालू प्रसाद यादव के परिवार की पार्टी है जहां केवल उनके पुत्रों और परिवार के लोगों को ही प्रमुखता दी जाती है और पार्टी के दूसरे बड़े नेताओं का अपमान किया जाता है। तेजस्वी यादव को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरीके से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आरजेडी के दूसरे नेताओं का अपमान करने का काम कर रहे हैं उससे आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक सीट भी नहीं मिल सकेगी।

## असामाजिक तत्वों के द्वारा एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म की घटना पर लोक जनशक्ति पार्टी (रा) ने जताया दुःख

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के द्वारा गठित टीम पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान के नेतृत्व में जांच दल पटना जिला के थाना बिक्रम के अंतर्गत गांव नगहर पहुंचा, जहां तीन दिन पूर्व नगहर गांव में चार असामाजिक तत्वों के द्वारा एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव सह इस जाचं दल का नेतृत्वकर्ता संजय पासवान ने पीड़ित परिवार से मिलकर पूरी घटना की जानकारी लिया तथा पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी आपके साथ खड़ी है। इस घटना में संलिप्त दोषियों को बखशा नहीं जाएगा। आगे संजय पासवान ने स्थानीय प्रशासन से बात कर सभी अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर, स्पीडी



ट्रायल के तहत दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा का मांग किया। आगे संजय पासवान ने सरकार से पीड़ित परिवार के लिए 20 लाख रुपया मुआवजा तथा उचित सुरक्षा व्यवस्था का भी मांग किया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि जांच दल में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, महिला सेल प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान, प्रदेश महासचिव सुरेश पासवान, पटना पश्चिमी जिला अध्यक्ष चंदन यादव तथा एससी/एसटी प्रदेश उपाध्यक्ष लालबाबू पासवान मौजूद थे।

## चिंता परिवार की, बातें करते तेजस्वी रोजगार की : नीरज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए विधान पार्षद सह जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की यह कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा नहीं, बल्कि उम्मीदवार खोजो यात्रा है। नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की प्रगति यात्रा पर निकले हैं, जो उनके द्वारा किए गए 20 वर्षों के कार्यों की प्रगति और उनके दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना जमीन लिए मात्र 4 वर्षों में 7.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 24 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान किया। वहीं, तेजस्वी यादव के माता-पिता ने नौकरी के बदले जमीन लेने का काम किया। तेजस्वी यादव और उनका परिवार केवल राजनीति में रोजगार देने की बातें करते हैं, जबकि असल में उनका ध्यान अपने परिवार की चिंता में अधिक है। यही कारण है कि वे रोजगार की बजाय राजनीतिक धंधे को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मुद्दे पर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए, विधान पार्षद नीरज कुमार ने नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों और लालू परिवार के रोजगार के नाम पर किए गए धंधे के बारे में पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर जनता को यह बताने के लिए है कि वास्तविक रोजगार और प्रगति के लिए सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही काम किया जा सकता है।

## संत फ्रांसिस स्कूल के जूनियर बच्चों ने BABY DAY OUT वार्षिकोत्सव में दिखाई अपनी प्रतिभा

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** संत फ्रांसिस स्कूल, हरमू में जूनियर बच्चों ने BABY DAY OUT वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रांगण में किया गया जिसमें स्कूल के सभी जूनियर बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत प्रिंसिपल फ्र. शाजी जोसफ और मुख्य अतिथि रंजीता हेम्ब्रोम, JAS, ओ. एस.डी. कम डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन एंड सेक्रेटरी ऑफ JAS एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने जूनियर बच्चों के द्वारा BABY DAY OUT कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरे होने पर अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने स्कूली जीवन में नैतिक मूल्य के महत्व पर आधारित अपने प्रेरक भाषण से बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी A बच्चों के द्वारा LITTLE DRUMMER BOY से की गई। जिसमे संपादक एवं मुख्य संवाददाता की पुत्री अमोहा कुंवर की उपस्तिथि थी। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने वेलकम डांस, इतनी सी हंसी, गलती से मिस्टेक, माँ वो मेरी माँ, आदि गीतों पर नृत्य कर सभी को मोहित कर




दिया। इसके साथ ही ड्रामा और स्पीच का भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल के बच्चों द्वारा कई हार्ट टचिंग सॉन्ग पर डांस व लघु नाटक रहा जिसे देख अन्य बच्चे जागरूक हुए। स्कूल के प्रिंसिपल फ्र. शाजी जोसफ व अध्यापिका अर्चना गुप्ता ने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। हमारा विद्यालय सदैव मूल्य आधारित जीवन शैली की शिक्षा पर केंद्रित रहा है। हमलोग खेल-खेल में बच्चों के बीच पढ़ाई का माहौल तैयार कर रहे हैं, हमारे यहां 3.5 साल के ऊपर के बच्चे की पढाई, खेल-कूद, फ्रेंडली शिक्षक सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी तरह की सुविधाएं व्यवस्थित हैं ताकि कोई भी अभिभावक अपने बच्चे को लेकर किसी तरह के संशय में नहीं रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति, माता - पिता और अभिभावक उपस्थित रहे।

## "एक देश एक चुनाव" लागू होने पर कई राज्यों के कार्यकाल घटेगा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** केन्द्र सरकार ने शीतकालीन सत्र में 129वें संशोधन विधेयक के रूप में दो विधेयक संसद में पेश कर दिए गए हैं। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर है और दूसरा केन्द्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित है। संविधान संशोधन के लिए दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। बिल को पेश करने को लेकर संसद में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोटिंग हुई, जिसमें 269 बोट ही सरकार के पक्ष में पड़े जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए भेजने का फैसला किया। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो वर्ष 2034 से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। एनडीए सरकार एक देश-एक चुनाव को 2029 से पहले पूरी तरह धरातल पर उतारने की तैयारी में है। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर लोकसभा सचिवालय ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित कर दिया है, जिसमें लोकसभा



से 27 सदस्य और राज्यसभा से 12 सदस्य शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के सांसद पीपी चौधरी नियुक्त हुए हैं। समिति में लोकसभा के 27 सदस्यों में अध्यक्ष पीपी चौधरी के साथ, सीएम रेशम, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम भाई रुपाला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भर्तृहरि महताब, संबित पात्रा, अनिल बालुनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, संजय जयसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टी एम सेल्वागणपति, जीएम हरीश, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शंभावी चौधरी, के राधाकृषणन, चंदन चौहान और बालशौरि वल्लभनेनी शामिल हैं। वहीं राज्यसभा से 12 सांसदों जिसमें घनश्याम तिवारी, भुवनेश्वर कलिता, डॉ के लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, सांकेत गोखले, पी विल्सन, मानस रंजन, वी विजयसाई रेड्डी शामिल हैं। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में बिहार के जदयू से राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, भाजपा से लोकसभा सांसद संजय जायसवाल और लोजपा (रामविलास) से लोकसभा सांसद शांभवी चौधरी शामिल शामिल हैं। वहीं समिति में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो, शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रा), जन सेन पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा (सपा), माकपा, आप, बीज और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं। एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में पेश करने के संबंध में सरकार का कहना है कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई अवधारणा नहीं है। देश में पहले यह व्यवस्था थी। इसको लागू करने से देश के विकास की गति तेज होने की पूरी संभावना है। एक साथ चुनाव कराने से सरकार का ध्यान विकासात्मक गतिविधियों और जनता के कल्याण को बढ़ावा देने वाली नीतियों को लागू करने पर केंद्रित रहेगा। देश में पहले भी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव वर्ष 1951, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ कराये गए थे। कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण वर्ष 1968 और 1969 में यह बाधित हो गया था। चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी। इस कारण वर्ष 1971 में नया चुनाव कराना पड़ा। पांचवीं लोकसभा का कार्यकाल आपातकाल की घोषणा के कारण बढ़ा दिया गया था। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को लेकर असमंजस की स्थिति है। वहीं दिल्ली में फरवरी 2025 में, बिहार में नवम्बर 2025 में, तमिलनाडु में अप्रैल 2026 में, पश्चिम बंगाल में अप्रैल 2026 में, असम में अप्रैल 2026 में, केरल में अप्रैल 2026 में, उत्तर प्रदेश में फरवरी 2027 में, उत्तराखंड में फरवरी 2027 में, पंजाब में फरवरी 2027 में, मणिपुर में फरवरी 2027 में, गुजरात में नवम्बर 2027 में, हिमाचल प्रदेश में नवम्बर 2027 में विधान सभा चुनाव होना है, ऐसी स्थिति में इन सभी राज्यों में एक देश एक चुनाव लागू होने पर कार्यकाल घटेगा।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद और जम्मूतवी के बीच चलायी जा रही धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 29 जनवरी तक

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज जं.-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 जनवरी, 2025 तक किया जाएगा। गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल अब 28.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को धनबाद से जम्मूतवी के लिए परिचालित की जाएगी । इसी तरह गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 29.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को जम्मूतवी से धनबाद के लिए परिचालित की जाएगी ।

### नन्हे वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया हुनर



**पटना सिटी।** मेंहदीगंज स्थित एडुब्रिज ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें भाग ले रहे ग्रामीण परिवेश से आनेवाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनशीलता एवं वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित किया। घरों की बेकार वस्तुओं से छात्र छात्राओं ने सोलर एनर्जी, वाटर वेस्ट मैनेजमेंट, सेंस आर्गन चंद्रयान बायोगैस प्लांट , किडनी उत्सर्जन तंत्र , पाचन तंत्र सहित दर्जनों विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए। आराध्या,इंद्राणी,सूर्या, रेशु साहिल अनोखी, ख़ुशी, रानी, अनुराग, शिवांशी के मॉडलों की प्रदर्शनी देखने आए अभिभावक एवं ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित कर मेक इन इंडिया का सपना पूरा किया जा सकता है। निदेशक ऊषा पूरी प्राचार्य अपूर्वा पूरी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की सृजन क्षमता के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आयोजन की सफलता के लिए रॉबिन, काजल, अंशु आदि शिक्षको ने काफ़ी मेहनत की।

### पटना में छपरा के छात्र की गोली मारकर हत्या



**पटना।** पटना में रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छपरा के एक छात्र रिशु कुमार की बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग के दरमियान गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। सचिवालय के डीएसपी 2 साकेत ने बताया किमार कि एस के पुरी पथाना क्षेत्र के गांधीनगर स्थित मकान नंबर 54 में चलने वाले हॉस्टल में रिशु और उसके साथियों द्वारा बर्थडे पार्टी सेलिब्रेट किया जा रहा था। इसी दरमियां रिशु के एक साथी ने फायरिंग कर दिया। एक गोली हवाई फायरिंग की गई जबकि दूसरी गोली ऋषि को निशाना कर फायर किया गया जो रिशु के कंधे एवं जबड़े को छेदते हुए निकल गई। रिशु को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दरमियान उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होते इलाके में हड़कंप मच गया और भीड़ इकट्ठी हो गई। रिशु के परिजनों ने हॉस्टल संचालक के बेटे पर रिशु की हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम बुलाई गई है सीसीटीवी कैमरे को खंघला जा रहा है।

### बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट के फाइनल में

**पटना।** बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जबकि क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ग्राउंड पर खेले जा रहे इस टूनार्मेंट के अंतर्गत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने आशा बाबा क्रिकेट एकेडमी को 35 रन जबकि क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने वाईसीसी जूनियर को 90 रन से हराया। पहला सेमीफाइनल में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 21 ओवर में 8 विकेट पर 128 रन बनाये। जवाब में आशा बाबा क्रिकेट एकेडमी की टीम 16.1 ओवर में 93 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के ओम प्रकाश को प्लेयर ऑफ द मैच का फिजियोथेरेपिस्ट श्वेता एवं सुमित शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। दूसरो मैच में इस मैच में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए अविनाश कुमार के 102 रन की मदद से 21 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन बनाये। जवाब में वाईसीसी जूनियर की टीम 11.1 ओवर में 83 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के अविनाश कुमार (102 रन, दो विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### एसजीएफआई अंडर-19 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बिहार को 1 स्वर्ण समेत 4 चार पदक

**पटना।** मध्यप्रदेश के देवास में संपन्न 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ताइक्वांडो चैंपियनशिप अंडर-19 में बिहार ने कुल चार पदक अपने नाम किया। यह जानकारी देते हुए बिहार ताइक्वांडो संघ के संयुक्त सचिव समता राही ने बताया कि बिहार की ओर से स्नेहा एस कुमार ने 59 से 63 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। बालिका वर्ग के 49 से 52 किलोग्राम वजन वर्ग में आस्था ने रजत पदक जीता। अंडर-19 बालक वर्ग के 41 से 45 किलोग्राम वजन वर्ग में बिहार के प्रिंस कुमार ने कांस्य पदक बिहार की झोली में डाला। 45 से 48 किलोग्राम वजन भर्ग में आलोक कुमार ने रजत पदक जीता। इस तरह इस चैंपियनशिप में बिहार ने 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक समेत चार पदक जीते। इस टीम के प्रशिक्षक अमर कुमार बालक वर्ग और सदान परवीन बालिका वर्ग एवं मैनेजर धीरज कुमार थे। इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों समेत पूरी टीम और प्रशिक्षकों को बिहार ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शशिबाला भदानी, महासचिव राजेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव समता राही, नन्दू कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष चन्द्र रॉय, कार्यकारिणी सदस्य कमल पटेल, सूर्यशेखर मंडल, पटना साई सेंटर के प्रभारी सी सोमेश्वर राव समेत बिहार ताइक्वांडो जगत ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सीईएसएल ने 1,800 ई-साइकिल तैनात कर महिलाओं के सशक्तिकरण और हरित परिवहन को दी नई दिशा

नई सोच एक्सप्रेस

» एसटीआरईई तीन चरणों के तहत बिहार, केरल, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश को कवर करेगी

**पटना।** एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ने चार राज्यों में 1,800 कार्गो ई-साइकिलों की खरीद और वितरण के लिए अपना पहला लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी किया है। सीईएसएल की इलेक्ट्रिक साइकिल के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों के लिए सतत परिवहन (एसटीआरईई) पहल के तहत अनुबंध में एम/एस मोटोवोल्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ई-साइकिलों की डिलीवरी शामिल है। एसटीआरईई का उद्देश्य ग्रामीण स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सशक्त बनाना है। इसके लिए उन्हें कार्गो ई-साइकिल के माध्यम से हरित गतिशीलता (ग्रीन मोबिलिटी) तक पहुंच प्रदान की जाएगी। यह पायलट पहल केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरआरडी) के सहयोग से बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में लागू की जाएगी। सीईएसएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), श्री विशाल कपूर ने कहा, यह पहल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को तेज करने और समुदायों को सुलभ गतिशीलता विकल्प प्रदान करने के लिए सीईएसएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ई-साइकिलों को उपलब्ध कराके, हम कार्बन फुटप्रिंट को कम कर रहे हैं और एक सतत और कुशल गतिशीलता पारिस्थितिकी तंत्र (मोबिलिटी इकोसिस्टम) बनाने में मदद कर रहे हैं। यह परियोजना माइक्रो-मोबिलिटी समाधानों को आगे बढ़ाने और ग्रामीण गतिशीलता को भीड़-भाड़ से मुक्त रखने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। एसटीआरईई पहल के तहत, इस परियोजना का उद्देश्य हरित गतिशीलता समाधान प्रदान करके महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। ई-साइकिलों की उपलब्धता के साथ, यह परियोजना महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर, स्वतंत्रता और सामाजिक-आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, यह भारत सरकार के हरित परिवहन समाधानों को अपनाने, पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण गतिशीलता स्थान को कार्बन मुक्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भीड़-भाड़ मुक्त ग्रामीण परिवहन सुनिश्चित करता है। सीईएसएल, इस पहल के माध्यम से, ग्रामीण क्षेत्रों में तीन मिलियन लखपति दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण के सरकारी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सीईएसएल की महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**सीईएसएल के बारे में-** कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के एक संयुक्त उद्यम,एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की सहायक कंपनी है। सीईएसएल स्वच्छ, किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करने पर केंद्रित है। कन्वर्जेंस उन ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करता है जो नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और जलवायु परिवर्तन के संगम पर स्थित हैं। सीईएसएल भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने के लिए बैटरी चालित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और इसके बुनियादी ढांचे और डिजाइन व्यवसाय मॉडल को सक्षम करने की दिशा में भी काम कर रहा है। अद्वितीय व्यावसायिक मॉडल को नियोजित करके, कन्वर्जेंस इन समाधानों के व्यावसायीकरण को बड़े पैमाने पर सक्षम करने के लिए रियायती और वाणिज्यिक पूंजी, कार्बन वित्त और अनुदान का उपयोग कर रहा है।

## डबल इंजन की सरकार में बिहार कालाजार को समाप्त करने के करीबः मंगल

नई सोच एक्सप्रेस

» 2027 तक बिहार में कालाजार के मरीजों की संख्या 50 से कम करने का लक्ष्य निर्धारित

**पटना।** कालाजार उन्मूलन में अपनी अनुकरणीय प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट प्रयासों के लिए जिले के पदाधिकारियों की कौषल क्षमता विकसित करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं की ओर से डोजियर प्रिपरेशन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार कालाजार को समाप्त करने के करीब है। हमारा लक्ष्य है कि 2027 तक बिहार में कालाजार के मरीजों की संख्या 50 से कम हो। कालाजार देश के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती रहा है, विशेष रूप से बिहार जैसे राज्यों में यह बीमारी गरीब और वंचित समुदायों को प्रभावित करती है। भारत सरकार ने कालाजार उन्मूलन के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के 33 जिले कालाजार से प्रभावित हैं। वर्ष 2012 में कालाजार प्रभावित 33 जिलों के 231 प्रखण्ड अत्यधिक प्रभावित की श्रेणी में चिन्हित किए गए थे, जहां प्रति 10,000 की जनसंख्या पर एक से अधिक मरीज प्रतिवेदित होते थे। वर्ष 2022 में यह घटकर शुन्य रह गए हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित कालाजार उन्मूलन लक्ष्य 2026 के विरूद्ध बिहार राज्य द्वारा वर्ष 2022 में ही पूर्ण उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। जिसे विगत तीन वर्षों से उसी स्तर पर बनाये रखा गया है। इन कालाजार प्रभावित 33 जिलों में से सात वैसे जिले हैं जहां वर्तमान वर्ष 2024 में एक भी कालाजार के मरीज प्रतिवेदित नहीं हुए है। कालाजार पॉजिटिव मरीजों का इलाज सुनिश्चित किया गया। इलाज के बाद मरीजों की स्थिति की नियमित जांच सुनिश्चित किया गया। बालू मक्खी को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में साल में दो बार प्रभावी तरीके से छिड़काव अभियान चलाया गया। श्री पांडेय ने कहा कि कालाजार उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति में कालाजार से पीड़ित मरीजों को बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना से स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रति मरीज ईलाज उपरान्त एक मुश्त 6 हजार 600 रूपय योगदान दिया जा रहा है। साथ ही भारत सरकार द्वारा 500 रुपए का भुगतान भी किया जाता है। अर्थात कुल 7 हजार 100 रुपए भुगतान का प्रावधान है। चमड़ी का कालाजार मरीजों को भारत सरकार द्वारा एकमुश्त 4000 रुपए प्रति मरीज श्रम क्षतिपूर्ति राशि भुगतान का प्रावधान है।

## रेलवे पेंशनर्स ब्रदरहुड का वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** एन सी घोष सामुदायिक भवन ,खगौल में रेलवे पेंशनर्सरेलवे पेंशनर्स ब्रदरहुड दानापुर, खगौल का वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह धूमधाम ब्रदरहुड दानापुर, खगौल का वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से राम अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया ।इसमें दानापुर रेल मंडल के सीनियर डीपीओ अशोक कुमार ,खगौल नगर परिषद के अध्यक्ष सुजीत कुमार,खगौल नाट्य परिषद के महासचिव नवाब आलम,केनरा बैंक,कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजर आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में दानापुर मंडल के सीनियर डीपीओ श्री अधिक कुमार ने सेवानिवृत रेल कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान किए जाएगा। नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार एवम नवाब आलम ने संस्थान को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संगीत का रंगारंग कार्यक्रम एवं हास्य नाटक भी प्रस्तुत किया गया । सभा को महासचिव सुरेश विश्वकर्मा ,उपाध्यक्ष एन के दास ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव,अशोक पांडे,अरुण चौहान ,श्रीनिवास प्रसाद, देवेन्द्र विश्वकर्मा,सुरेश प्रसाद, निर्मल सिंहा,कन्हैयालाल, अवध किशोर प्रसाद,ए के राय ब्रिजनाथ प्रसाद, जवाहर प्रसाद ,लछमन प्रसाद,विभूति भूषण प्रसाद ,श्याम नंदन राय ,बीरेन्द्र कुमार आदि ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

## राष्ट्रपति से मिले अवसर ट्रस्ट के मेधावी बच्चे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** अवसर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ आर के सिन्हा के नेतृत्व में अवसर ट्रस्ट के आईआईटी और एनआईटी उतीर्ण 21 मेधावी छात्रों ने आज राष्टपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाक़ात की। राष्ट्रपति ने मेधावी बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि जिस तरह डॉ सिन्हा ने आपको दो साल पटना में रखकर आपके रहने, खाने और पढने की व्यवस्था की, आपका भी दायित्व बनता है कि आप भी आगे चलकर गरीब बच्चों को पढ़ाने और जीवन में आगे बढ़ने में मदद करें। सिर्फ सरकार के भरोसे रहने से समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। इसके लिए सरकार के साथ समाज को भी कदम से कदम मिलाकर चलना पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब झारखंड की राज्यपाल थी, तब से डॉ आर के सिन्हा को जानती हूं। सामाजिक कार्यों में और गरीबों की मदद करने में यह कभी पीछे नहीं रहे। इनका कार्य अनुकरणीय है। उल्लेखनीय है कि अवसर ट्रस्ट आर्थिक रूप से गरीब बच्चों की शिक्षा तथा उनके रहने-खाने की व्यवस्था करता रहता है। अवसर ट्रस्ट से पढ़े सैकड़ों लोग आज उच्च पदों पर आसीन हैं। ट्रस्ट न सिर्फ बच्चों को किताबें सुलभ कराता है, बल्कि लैपटॉप और आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग देकर उन्हें काबिल बनाता रहा है। राष्टपति से मिलनेवालों में शुभम कृष्ण, दिव्या कुमारी, काजल कुमारी, आदित्य रंजन, अभिषेक सिन्हा, आशुतोष सिन्हा, नितीश कुमार, नीरज कुमार, कुणाल शर्मा, विशाखा कुमारी, शिवम कुमार, आर्यन कुमार, आशीष कुमार, रुचिका, अभय, अभिनव, संदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश, पिंटू वर्णवाल शामिल हैं। शुभम कृष्ण की माता मिथिला मिथिला पेंटिंग से अपना खर्च चलाती हैं। उनके पास अपना घर भी नहीं है। पिंटू के पिताजी मोमबत्ती बेचकर घर चलाते हैं। नितीश और नीरज के पिता की रेडियो मरम्मत की दुकान है। आदित्य के पिता मजदूरी करते हैं तो अभिषेक और आशुतोष के पिता निजी स्कूल में 8 हजार वेतन पर पढ़ाते हैं। यही कहानी कमोवेश अवसर ट्रस्ट के सभी बच्चों की है। राष्ट्रपति से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में अवसर ट्रस्ट के निदेशक रजनीकांत सिन्हा और रत्ना सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुरंजन श्रीवास्तव और राहुल कुदेशिया भी शामिल थे।

## महिला प्रेरणा सम्मान समारोह में अर्चना सम्मानित हुई




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** द टाइगर इवेन्ट के दौरान महिला कल्याण मंच द्वारा आयोजित महिला प्रेरणा सम्मान समारोह में अर्चना कुमारी,पुलिस इंसपेक्टर, साइबर थाना,पटना को सम्मानित किया गया। श्रीमती अर्चना कुमारी को पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इन्होंने अपने सेवा के दौरान बहुत सारे अद्भुत कारनामे कर पुलिस का नाम रौशन किया। महिला कल्याण मंच ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए हमेशा सम्मानित किया जाता रहा है। समारोह में गणमान्य भी उपस्थित थे।

## शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दौड़ लगाएंगे पटनावासी



नई सोच एक्सप्रेस

» 5 जनवरी को पटना के गाँधी मैदान से मैराथन का आयोजन

**पटना।** आत्म प्रकाश योग केंद्र सीतामढ़ी द्वारा प्रदूषण मुक्त वातावरण का संदेश देने के उद्देश्य से 5 जनवरी को पटना मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन के संयोजक सीए शशि भूषण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मैराथन गांधी मैदान गेट संख्या- 01 से मरीन ड्राइव होते हुए फिर गांधी मैदान गेट संख्या - 01 पर आकर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में भारत के अलावा युगांडा, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल समेत दस हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे है। इस मैराथन को पांच श्रेणी में 42 किलोमीटर फुल 21 किलोमीटर हाफ मैराथन 10,5,और 3 किलोमीटर रखा गया है जिसमें लगभग 22 लाख रुपये तक का पुरस्कार दिया जाएगा !विशेष जानकारी पटना ऑफिस प्रथम तल ट्वीट टावर गांधी मैदान गेट संख्या 11 के सामने से संपर्क किया जा सकता है ! उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को पटना गांधी मैदान में एक्सपो लगेगा जहां मैराथन कीट मिलेगा जिसमें टीशर्ट, आईडी व अन्य चीजें दी जाएगी। मैराथन फ्लैग होस्टिंग के लिए मुख्यमंत्री के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, स्थानीय सांसद, मशहूर शिक्षक खान सर समेत कई गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क किया गया है। मैराथन के दौरान टी-शर्ट, मैराथन किट, अल्पाहार और पानी, प्रत्येक डेढ़ किलोमीटर पर मेडिकल टीम, स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षा आदि की व्यवस्था रहेगी।

## टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल ने कक्षा 2 से 9 के छात्रों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया जो कि फिट इंडिया सप्ताह के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापिका स्वर्गीय प्रेमलता भार्गव के जयंती के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का समावेश था, जिससे छात्रों को अपनी शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन करने और अपनी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि विजेंद्र सिंह, अशोक मिश्रा (अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी) एवं बिहार राज्य पावरलिफ्टिंग के महासचिव अशोक मेहता ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में स्वागत गीत की प्रस्तुति के बाद विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जैसे 30 और 50 मीटर दौड़, रस्साकशी, योगा, धीमी साइकिल दौड़, कूदना और बास्केट बॉल आदि। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं और शारीरिक रूप से फिट छात्रों को निदेशक लायन राजीव भार्गव, प्रिंसिपल शिवानी भार्गव और भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण द्वारा पदकए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस के छात्र छात्राएं गाँधी स्पीच प्रतियोगिता में होंगे शामिल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** गाँधीयन सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली एवं राष्ट्रीय युवा योजना के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से गाँधी डिजिटल वैश्विक भाषण प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस के प्राचार्य डॉ इंद्रजीत जी ने अधिक से अधिक छात्र छात्राओं की सहभागिता का भरोसा दिलाया है ।मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर आर्यन रंजन ने बताया कि महात्मा गांधी जी के व्यकितत्व पर पाँच से सात मिनट का विडिओ बनाकर अपलोड करना है हिंदी या अंग्रेजी में जिसमे प्रथम पुरस्कार पाँच लाख, दूसरा तीन लाख,दूसरा दो लाख एवं पचास प्रतिभागियों को दस दस हजार का पुरस्कार दिया जायेगा तथा सभी शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा । प्रतिभागिता पूर्णतः निःशुल्क है । उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, सामाजिक संगठन , विद्यालय, महाविद्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है । वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मोहन से महात्मा तक का सफर उल्लेखनीय रहा है । महात्मा गांधी ने जो सत्य अहिंसा का पाठ पढ़ाया है आज उसे पूरी दुनिया मान रही है । 1936 से 1946 तक महात्मा गांधी सेवा ग्राम वर्धा महाराष्ट्र में रहकर स्वतंत्रता का आंदोलन का संचालन किया । आज जरूरत है महात्मा गांधी जी के बुनियादी शिक्षा को लागू करने का मैकाले शिक्षा प्रणाली फेक डिग्री और बेकार परीक्षा भर रह गया है । उन्होंने अधिक से अधिक लोगो को भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आह्वान किया ।

# कायाकल्प योजना के तहत मरीजों की दी जानेवाली स्वास्थ्य सुविधाओं का टीम ने किया जांच

## मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के आधार पर किया जायेगा रैंकिंग

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। कायाकल्प योजना भारत सरकार के स्वास्थ्य व कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व संक्रमण नियंत्रण संबंधी मानकों को मजबूती प्रदान करना है। योजना के तहत ज़िले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरियापुर का कायाकल्प की टीम ने एसेसमेंट किया। टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ अनुपम सिंह, पिरामल से डॉ उत्तम कुमार शामिल थे। जिसमें अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस दौरान कई बिंदुओं पर सुधार का सुझाव दिया गया। कायाकल्प योजना का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण संबंधी मानकों को मजबूती से लागू करना है, जिससे मरीजों को सुरक्षित

**» रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर मिलेगा 15 लाख रूपये का इनाम**

और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के अलावा, अस्पताल के साफ-सफाई इंतजाम, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों के रख-रखाव, और चिकित्सा कर्मियों के व्यवहार का भी मूल्यांकन किया। साथ ही, अस्पताल में दिए जा रहे अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे टीकाकरण, प्रसव कक्ष, एएनसी रूम, ओपीडी, और जांच घर की गहनता से जांच की गई।। इन मानकों के आधार पर अस्पतालों का मूल्यांकन किया जाता है और अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस योजना का मुख्य



उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण पर विशेष ध्यानः** जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि कायाकल्प योजना का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों की स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और संक्रमण नियंत्रण में सुधार करना है। इसके अतिरिक्त, मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच अच्छे व्यवहार को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। अस्पतालों की रैंकिंग उन्हीं मानकों के आधार पर तय की जाती है, और जिन अस्पतालों का प्रदर्शन अच्छा होता है, उन्हें पुरस्कार दिया जाता है।

**मरीजों को मिल रही है गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं** :प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि "कायाकल्प योजना से न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की छवि में सुधार हो रहा है, बल्कि इससे मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं भी मिल रही हैं। हम सीएचसी दरियापुर में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और हम इस अंकेक्षण में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं।" अस्पताल में सेनिटाइजेशन और हाइजीन के मानकों का पालन किया जा रहा है। वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरे के सही तरीके से निस्तारण के प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण, पीने का पानी, स्वच्छ चादर, तकिया, और बेड की उचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि मरीजों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में इलाज मिल सके। असेसमेंट के आधार पर अस्पतालों की रैंकिंग की जाएगी और रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले अस्पताल को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान के लिए 10 लाख रुपये और तृतीय स्थान के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, 70 प्रतिशत अंक पाने वाले अस्पतालों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस मौके पर डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, सिफार के डीपीसी गनपत आर्यन, बीसीएम ध्रुप मेहरा, बीएमएनई विश्वजीत कुमार, वीबीडीएस घनश्याम यादव, अकाउंटेंट जय नारायण समेत सभी नर्स और कर्मी मौजूद थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बनेगा भारत का ताज अपना बिहार

**विकास वैभव के परिश्रम से युवा जागृत हो रहे है। इस का परिणाम यह होगा कि बिहार एक बार फ़िर भारत का ताज बनकर उभरेगा।**

नई सोच एक्सप्रेस



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव बिहार में शिक्षा, समता और उद्यमिता को विकसित करने के लिए चिंतनशील है। ]** आईपीएस विकास वैभव का यहीं संदेश रहता है कि पहले हम बिहारी है। एक दूसरे का सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। साथ ही, दूसरों के जीवन में आग लगाने से बेहतर स्वयं के सीने में आग को उत्पन्न कीजिए और उस ऊर्जा से बिहार में शिक्षा, समता और उद्यमिता विकास को बढ़ावा दीजिए। बिखर गए, टूट रहे बिहार के लोगों के मनोबल को को ऊंचा कीजिए, उनको बेहतर परिणाम देने के लिए हौसला अफ़जाई कीजिए। बिहार में युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो इसके लिए आईपीएस विकास वैभव सजग है। जमीनी हकीकत को समझकर, बिहार को मज़बूत करने हेतु आगे आए हैं। बिहार की संस्कृति और सभ्यता ही इसकी खूबसूरती है। आज की युवा पीढ़ी आधुनिक चकाचौध की तरफ़ ऐसे आकर्षित हो रहा जैसे कीट पतंग मौत की परवाह नहीं करते हुए अग्नि की तरफ़ आकृष्ट हो जाते हैं। इस सामाजिक संदेश को प्रसारित करने का जज़्बा उत्पन्न हुआ कि इंसान की दौलत और खूबसूरती की तरफ़ आकर्षित आज की युवा पीढ़ी, आधुनिक युग के जाल में ही फस रही है। यह जरूरी नहीं कि जो व्यक्ति अमीर है या खूबसूरत दिख रहा है या प्रभावी होने का नाटक कर रहा है वो एक बेहतर इंसान भी हो। लोग उसके पीछे छुपे स्वार्थ को पहचान नहीं पाते हैं। इस तरह के व्यक्तित्व का स्वभाव केवल स्वर्णकलश में रखे विष के समान है। दूसरी तरफ़ पढ़े लिखे व्यक्ति के पास से केवल ज्ञान और सहयोग ही मिलता है। ऐसे लोग धन को तरजीह नहीं देते हैं। नैतिकता ही इनके आभूषण है। इस तरह के व्यक्तित्व के लोग मिट्टी से बने अमृतकलश के समान ही है। सात्विक जीवन, त्याग और सच्चाई की मूर्ति हैं। बिहार के संस्कृति में ऐसे लाखों लोग हैं जिनके हृदय में अमृतकलश विराजमान हैं। सज्जन हैं पर सक्रिय नहीं। सज्जनों की इन्हीं निष्क्रियता को जगाने का कार्य आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से दे रहे हैं। आईपीएस विकास वैभव एक सामाजिक संदेश लगभग हर संवाद में देते है कि युवा कठिन मेहनत कर ही कुछ प्राप्त कर सकते हैं, दुनियाँ को देखकर प्रेरित जरूर होइए, लेकिन शार्टकट तरीको को नहीं अपनाएं। इनके सामाजिक संदेश से युवा जुड़ भी रहे हैं। इनके ज्ञान अमृत को पाने के लिए लालायित भी हो रहे है और सबको यह भी पता है कि यह ज्ञानअमृत मिट्टी से बने कलश में ही रखा है। स्वर्णकलश में रखे विष से तो लघुवाद के विषबेल लताओं के बीज ही निकलते हैं। अमृतकलश को पाने के लिए तो हृदय के साथ सहयोग की भावना रखते हुए लेट्स इंस्पायर बिहार से जुड़ने का आग्रह ही कर सकता हूं। मिलकर एक सुंदर बिहार का निर्माण करते हैं, आइए मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं। विकास वैभव की ईमानदारी और कर्मठता से बिहार की युवा पीढ़ी अत्यंत प्रभावित हैं। इस लेख में हम अर्पण, तर्पण और समर्पण के भाव को समझेंगे। जब हम किसी का भी उपकार ग्रहण किए वगैर कर्तव्यनिष्ठा का पालन करते हैं। तो, यह अर्पण कहलाता है। इसी भावना से जब हम अपने माता पिता की सेवा करते हैं। तो, यह तर्पण कहलाता हैं। लेकिन, किसी को आदर्श मानकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना ही समर्पण कहलाता है। आईपीएस विकास वैभव बिहार राज्य से प्रतिबद्ध हैं और इसी भावना से राज्य के विकास हेतु समर्पित भी। अपने सरकारी दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करते हुए, अवकाश के समय में बिहार के युवाओं को परिश्रम करने के लिए प्रेरित करते हैं। बिहार का हर युवा राज्य हित में अपनी जवाबदेही समझे, इसके लिए लेट्स इंस्पायर बिहार सामाजिक संदेश दिए है। उनके ज्ञान और सच्चाई के चलते बिहार के युवा पूर्ण निष्ठा से अपना सकारात्मक सहयोग कर रहे हैं। अनुकरणीय उदाहरण देते हुए बिहार के युवा पूर्ण प्रतिबद्धता और समर्पण से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ रहे हैं। साथ ही, बिहार को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए संकल्प लें रहे हैं। एक आदर्श और सामाजिक व्यक्ति ही हृदय के सपंदन की ध्वनियों से उत्पन्न मानवीय संवेदनाओं को समझ सकता है। एक बेहतर मित्र बन सकता है।आईपीएस विकास वैभव निश्चित रूप से राज्य कल्याण के लिए, बिहार के युवाओं में एक भावनात्मक लगाव पैदा कर रहे हैं। जिससे,बिहार के युवाओं के हृदय में अपनी मिट्टी के लिए कुछ बेहतर करने के लिए, समर्पण का बिजारोपन हो रहा है। सरल शब्दों में समर्पण का अर्थ है। अपने आपको मन व बुद्धि से पूर्णरूपेण किसी ऐसे ईष्ट को निःस्वार्थपूर्वक सौंप देना, जिस पर पूर्ण श्रद्धा व विश्वास हो अथवा बिना किसी तर्क व संदेह किए, बराबर किसी भी उपयोग हेतु, ज्यों का त्यों स्वयं को किसी के हवाले कर देना। पढ़े लिखे लोगों की पसंद अचानक से नहीं बनता है वो तो परख कर ही लोगों के व्यक्तित्व की ओर आकर्षित होते हैं। चिंतनशील आईपीएस विकास वैभव राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और युवाओं के भविष्य को लेकर संवेदनशील है। इन्हीं कारणों से बिहार की युवा पीढ़ी आईपीएस विकास वैभव की तरफ आकर्षित और राज्य के प्रति समर्पित हो रही हैं। जिस प्रकार से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार आईपीएस विकास वैभव युवाओं को प्रेरित कर रहे है, वह दिन दूर नहीं जब अपना बिहार एक बार फ़िर भारत का ताज बनकर उभरेगा। पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ और बिहार को बेहतर से बेहतरीन बनाने को लेकर ईमानदारी से, अपने सारे दायित्वों को निभा रहे है। सरकारी दायित्वों के साथ साथ समाज के लिए अवकाश का अपना एक एक पल बिहार के लिए समर्पित कर रहे है। और, इस समर्पण का कद्र ईमानदार व्यक्तित्व ही कर सकता है। आइए, मिलकर बिहार के कर्मठ और ईमानदार, जुझारू, युवाओं के भविष्य आईपीएस विकास वैभव के मनोबल को ऊंचा करते हैं। मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## गोली कांड मे मृतक गणेश कुमार सहनी के घर फरिश्ता बनकर पहुंचे जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी



**समस्तीपुर**। जिले के उजियारपुर प्रखंड क्षेत्र के डढ़िया असाधर निवासी, मृतक गणेश कुमार सहनी के घर फरिश्ता बनकर पहुंचे जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधि ने मृतक के परिजन से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें करीब 6 माह का राशन किरासन उपलब्ध कराया, ताकि मृतक के परिजन को कोई तकलीफ ना हो। इस दौरान जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल भगवानपुर कमला के जयराम सहनी, वरुण कुमार, ललित कुमार सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजेश कुमार, हरेंद्र सहनी, नकुल सहनी, सुजित कुमार, पप्पू सहनी, मंटू पंडित, सियाराम राय, रंजीत साह, उदय राय आदि ने बताया कि, आज उन्होंने समाजसेवी राजू सहनी के द्वारा स्वर्गीय गणेश सहनी की विधवा पत्नी के लिए दिए गए सामानों में 8 बैग चावल, 1 बैग मसुर दाल, 1 क्विंटल आलू, 25 किलो प्याज, 15 लीटर सरसों तेल, 25 किलोग्राम नमक, 5 किलोग्राम मसाला, 3 बैग गेहुं का आटा सहित नकद राशि दिया गया। इस संबंध में पुछे जाने पर मृतक की पत्नी व उनके अन्य परिजनों से मिलने पहुंचे समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधि हरेन्द्र सहनी ने बताया कि, उनलोगों को सुचना मिली कि, जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव में, पिछले दिनों हुई गोलीबारी की घटना में एक दिव्यांग युवक जो ई रिक्शा चलाकर तथा गांव घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था, जिसकी हत्या अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर कर दी थी। जिसकी सुचना उनलोगों ने बड़े भाई समाजसेवी राजू सहनी, को दिया। जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर से नकदी सहित करीब 30 हजार रूपए की राशन किरासन का सामान मृतक की पत्नी को उपलब्ध करा दिया गया । यही नही! आने वाले दिनों में भी मृतक के परिवार को समय-समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं इस संबंध में जानकारी के लिए जब वह जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि, खबर के माध्यम से उन्हें यह सुचना मिली कि, उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत अंगारघाट थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी, गणेश कुमार सहनी जो एक निहायत ही गरीब व दिव्यांग युवक थे, ई रिक्शा चलाकर तथा बच्चों को ट्यूशन देकर अपना व अपने परिवार की आजिविका चलाते थे, उनकी हत्या बदमाशों ने गोली मारकर कर दी है। जानकारी मिलते ही तुरंत बाद उन्होंने अपने लोगों को फोन कर इस घटना का जानकारी दिया, तथा उनसे जो बन पड़ा उन्होंने पिड़ित परिवार को उपलब्ध करा दिया है। यही नही! आने वाले दिनों में वह उक्त परिवार की हरसंभव और भी मदद करेंगे। इस दौरान समाजसेवी राजू सहनी ने यह भी बताया कि, वह इस अपार दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। वह पिड़ित परिवार का भाई व बेटा बनकर हरसंभव सहयोग करेंगे। वहीं इस दौरान मृतक गणेश कुमार सहनी के परिजनों व स्थानीय लोगों के चेहरे पर राहत का भाव दिखा। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने समाजसेवी राजू सहनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, ऐसे ही मानवता की सेवा करते रहने का आशीष दिया।

## सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र




**छपरा**। सक्षमता प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अंचल के 201 नियोजित शिक्षकों को मंगलवार को दिघवारा बीआरसी पर आयोजित कार्यक्रम में औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) सह दिघवारा की प्रभारी बीईओ प्रियंका रानी व लेखापाल संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीपीओ प्रियंका रानी ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने के बाद शिक्षक 1 से 7 जनवरी तक अपने पूर्व के ही पदस्थापित विद्यालय में ही योगदान करेंगे और विशिष्ट शिक्षक बनने के साथ राज्यकर्मी भी बन सकेंगे। लेखापाल संजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में 201 नियोजित शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया जिसमें वर्ग 1 से 5 के 94 सामान्य शिक्षक, इसी वर्ग के 12 उर्दू शिक्षक, वर्ग 6 से 8 के 25 शिक्षक, उर्दू वर्ग के 01 शिक्षक, वर्ग 9 से 10 के 66 शिक्षक और वर्ग 11 से 12 के 03 शिक्षक शामिल हैं। इस अवसर पर बीपीएम हरिशंकर, प्रभात चंद्र ओझा, बलिराम कुमार तिवारी, रामबच्चन कुमार, दीपक कुमार दूबे आदि कई कर्मी मौजूद थे।

# शिक्षकों को सेवा निरंतरता का लाभ न देना अनुचित : संघ

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी बनाने के लिए बिहार सरकार की तरफ से सक्षमता परीक्षा ली गई। परीक्षा में सफल होने पर नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने जा रहा है,जिसके लिए विशिष्ट शिक्षक नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी दी गई है । इसी क्रम में परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ सारण के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि विशिष्ट शिक्षक नियमावली शिक्षकों के लाभ नहीं बल्कि सजा देने के लिए बनायी गयी है, इसमें शिक्षकों के सेवा संहिता में सुधार यथा सेवा निरंतरता, समस्थानिक इंडेक्स में वेतन निर्धारण, पूर्व की सेवा पर प्रोन्नति इत्यादि लाभप्रद प्रावधानों का कहीं कोई उल्लेख

**» सरकार के आदेश का पालन करने के लिए शिक्षक है बाध्य : समरेंद्र**

नहीं है। जबकि 12 पृष्ठों की नियमावली में नौ पृष्ठों में सिर्फ शिक्षकों को सजा देने के प्रावधानों का ही उल्लेख किया गया है। नई नियमावली में शिक्षकों के हितों की जगह सेवा संहिता के नाम पर सिर्फ और सिर्फ दंड संहिता का व्याख्यान है। उन्होंने कहा कि यह नियमावली नियोजित शिक्षकों के लिए किसी दृष्टि से लाभदायक नहीं है क्योंकि विगत 21 वर्षों से निरंतर सेवा करने वाले शिक्षकों के पूर्व की सेवा की कोई चर्चा नहीं की गयी है। बल्कि पूर्व की सेवा शून्य हो गयी है,जिससे शिक्षकों में बेहद नाराजगी है परन्तु सरकार के



आदेश का पालन करने के लिए शिक्षक बाध्य है। शिक्षक नेता ने सरकार से शिक्षकों के हित मे उक्त नियमावली में उचित संशोधन करने की मांग की। इस मौके पर संजय यादव,हवलदार मांझी,निजाम अहमद,इंद्रजीत महतो, अनुज यादव,अनिल दास,विनोद राय,सुमन कुशवाहा,रणजीत सिंह,पीयूष तिवारी,एहसान अंसारी,शौकत अली,संतोष सिंह,विनायक यादव,नरेंद्र यादव,अजित पांडेय,श्यामबाबू सिंह,शौकत अली,बलराम यादव,प्रीतम वर्मा,प्रकाश ओझा,फिरोज इकबाल,स्वामीनाथन राय,नरेंद्र यादव सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## विद्युत में कार्यरत मानव बल कर्मियों ने एक दिवसीय किया धरना-प्रदर्शन




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। विद्युत में कार्यरत मानव बल कर्मियों ने शहर के नगर पालिका चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा। बता दे की कुछ दिन पूर्व मानव बल कर्मियों के द्वारा छपरा शहर स्थित विद्युत अंचल कार्यालय पर भी अपनी विभिन्न मांगों के आलोक में एक दिवसीय धरना दिया था। नगर पालिका चौक पर प्रदर्शन कर रहे विद्युत कर्मियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कंपनी प्रबंधन तानाशाही रवैया अपनाये हुए है। विभाग के मानव बल कर्मियों के तरफ प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है, आये दिन मानव बल स्पर्शाघात के शिकार हो अपनी जान गंवा रहे हैं लेकिन उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। हर घर को रौशन करने वाले बिजली कर्मियों का घर और भविष्य अन्धकार में है। विद्युत कंपनी का लेखा दुरुस्त करने वाले कर्मियों का खुद का कोई लेखा जोखा रखने वाला नहीं है। कंपनी बनने के 12 वर्ष बाद भी मुख्यालय में लेखा कर्मी का कोई पद सृजित नहीं है। नतीजतन सैकड़ो लेखा कर्मी प्रोन्नति से वंचित हैं, तकनीकी कर्मियों का कंपनी प्रबंधन यार्ड स्टिक नहीं बना रहा है। इसके अलावा भी कई समस्याओ का निराकरण आवश्यक है,सभी कर्मियों ने एक सुर में एजेंसी मुक्त विद्युत परिवार की मांग की। धरना पर बैठे मानव बलों ने कहा कि प्रबंधन अगर कर्मियों की बात नहीं सुनता तो यह संघर्ष और तेज किया जाएगा।

## मणिभूषण बने पुनः मंडल अध्यक्ष, किया गया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। जिला भाजपा अध्यक्ष ने जिले के सभी मंडलो के लिए अध्यक्ष की सूची जारी कर दिया है। बनियापुर उत्तरी मंडल के लिए मणि भूषण दूबे को दुबारा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर बनियापुर के भाजपा कार्यकर्ताओ मे खुशी का माहौल है। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन सिंह के द्वारा मणिभूषण दुबे को सम्मानित किया गया। जहां भाजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हें पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते बताया कि वे एक समर्पित , निष्ठावान कार्यकर्ता एवं भाजपा के समर्पित सिपाही है। जिनके समर्पण की भावना, लगन, से आम जनता मे शुभ संदेश जाता है तथा पार्टी को मजबूती मिलती है । वही श्री दूबे ने बताया कि मेरा पुनः चुने जाना संगठन के साथ दिल से जुड़कर रहना और पार्टी के वरीय पदाधिकारियो का नेह स्नेह और उनका प्रेम है इसके लिए मै सभी का आभार व्यक्त करता हूं और पहले से अधिक तन्मयता से कार्य करने का हर सम्भव प्रयास करूंगा।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सम्मान यात्रा निकला गया

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर**। दिनांक 24/12/2024 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वाहन पर तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता देश रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर को अपमानित किए जाने के कारण उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया जो अपने हाथों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की फोटो एवं विभिन्न नारों की तख्तियां लिए हुए थें। प्रतिरोध मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर स्मारक पर माल्यार्पण उपरांत जिला समाहर्ता




की अनुपस्थिति में अपरस्पहर्ता को एक स्मार पत्र महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित समर्पित किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री परिषद से अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करने का आग्रह किया गया है। सम्मान यात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री मो० अबू तमीम ने किया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमिटी के विजय शंकर शर्मा, देवेंद्र नारायण झा, सत्य नारायण सिंह, सरोज कुमार सिंह, मिथलेश पोद्दार, अंजनी मिश्र, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, सतीश चन्द्र चौधरी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, समौली झा, प्रमोद कुमार अधिवक्ता, सोनी पासवान, कन्हैया कुमार, उमेंद्र नाथ तिवारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, प्रखंड अध्यक्ष उमेश चंद्र कुंवर, अब्दुल मालिक, कपिलेश्वर कुंवर, सुभाष चन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, पार्थेश्वर सिंह, दिनेश ठाकुर, संजय झा, अरविंद कुमार सिंह, नंद कुमार चौधरी, फिरोज़ अंसारी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, एस० सी० विभाग के अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो० मोहिउद्दीन, एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा, सुधीर सिंह, मो० तैयब, बलबीर साह, शिव राम ठाकुर, राम विलास राय, विश्वनाथ सिंह हज़ारी, राम विलास राय बिरनामा, मोइन रजा, प्रविंद कुमार, अजय कुमार, सूरज राम, अजीत कुमार सिंह, उमेश प्रसाद राम, नजमुल हुदा, गौरी शंकर चौधरी, वीरेंद्र राय, अनिल कुमार कुशवाहा, प्रवीण कुमार, गोपाल चौधरी, परमानंद मिश्र, ब्रजेश चौधरी, भाग नारायण सिंह, सूरज कुमार पासवान, मो० इसराफिल, चंद्र भूषण सिंह, संजय राय, अमित कुमार दास, चंदन कुमार , राज वली पासवान, बदुरूल हक, कृष्ण कुमार राय, डॉ० संतोष कुमार, अबू हैदर, दिलदार हुसैन, अमरेंद्र कुमार, विनय कुमार केसरी, मो० असगर अंसारी, शिव नंदन राम, मणि शंकर चौधरी, कुमार गौरव, राम कुमार पासवान, सुरेंद्र महतो, श्याम सुंदर महतो, आशीष यादव, राम लाल दास, पवन यादव, अरुण कुमार कुंवर, कुणाल यादव, पियूष ठाकुर, मुकुल यादव, जागृति यादव आदि लोग मौजूद थें।

संक्षिप्त समाचार

# रसोईया की मौत से परिजनों में शोक की लहर



**पंचदेवरी, एक संवाददाता।** पंचदेवरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय माफी गुरियाव में कार्यरत रसोईया की आकस्मिक मृत्यु से विद्यालय परिवार सहित परिजनों में शोक की लहर है। मृत रसोईया माफी गुरियाव गांव निवासी रमाकांत भगत की 37 वर्षीय पत्नी शारदा देवी थी। रसोईया की मौत पर विद्यालय की प्रधानाध्यपिका सुमन लता गिरी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर अ मृत रसोईया को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

# नेटवर्क18 ने ग्रीन भारत कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया आयोजन

**रांची।** भारत के अग्रणी मीडिया हाउस, नेटवर्क18 ने अपने वार्षिक कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्करण का आयोजन सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम नीति निर्माताओं, विनिर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों और पर्यावरण संरक्षण कर्ताओं को भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य के लिए एक एकीकृत रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर लेकर आया। सम्मानित अतिथियों में नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में बोलते हुए, नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा, "पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। ज्ञान और संपत्ति के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बन जाएगा।" पीयूष गोयल ने इस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा, "भारत की हरित परिवहन क्रांति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, फेम 1 और 2 जैसी परिवर्तनकारी पहलों द्वारा संचालित यह क्रांति ईवी उद्योग को आत्मनिर्भर और खुद को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सशक्त बना रही है।

# एयरटेल ने बिहार सर्कल में रिकॉर्ड सब्सक्राइबर वृद्धि के साथ जियो, वीआई और बीएसएनएल को पीछे छोड़ाः ट्राई की अक्टूबर 2024 रिपोर्ट

**पटना।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने अक्टूबर 2024 में बिहार और झारखंड सर्कल में वायरलेस सब्सक्राइबर की संख्या में वृद्धि के साथ पहले स्थान पर आकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एयरटेल ने इस क्षेत्र में 2,53,747 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े, जिससे इसके कुल सब्सक्राइबर की संख्या 4,05,26,286 हो गई है। जहां बिहार सर्कल में एयरटेल अधिकतम सब्सक्राइबर जोड़ने वाला प्रमुख ऑपरेटर बना, वहीं इसके बाद सरकार द्वारा संचालित बीएसएनएल ने 26,525 सब्सक्राइबर जोड़े। अन्य निजी ऑपरेटरों जैसे वोडाफोन-आइडिया और रिलायंस जियो ने इसी अवधि में क्रमशः 27,511 और 4,67,692 वायरलेस सब्सक्राइबर गंवाए। पूरे देश में एयरटेल ने अक्टूबर 2024 में सभी टेलीकॉम सर्कल में कुल 19,28,263 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े। इसके साथ ही, इसके कुल वायरलेस सब्सक्राइबर की संख्या 31 अक्टूबर 2024 तक 38,54,10,746 हो गई। यह वृद्धि एयरटेल की ग्राहक अधिग्रहण और बाजार विस्तार में निरंतर बढ़त को दर्शाती है। ट्राई की रिपोर्ट एयरटेल के बिहार और झारखंड सर्कल में 91.11 प्रतिशत के उच्चतम विजिटर लोकेशन रजिस्टर (वीएलआर) को भी दर्शाती है, जबकि इसके कुल वीएलआर प्रतिशत 99.48 प्रतिशत रहा, जो टेलीकॉम उद्योग में सबसे अधिक है। ये आँकड़े एयरटेल के उत्कृष्ट नेटवर्क और विश्वसनीयता को प्रमाणित करते हैं, जिससे यह एक विश्वसनीय टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर के रूप में अपनी स्थिति और सुदृढ़ करता है। टेलीकॉम उद्योग में अक्टूबर 2024 के अंत तक वायरलेस सब्सक्राइबर की कुल संख्या में गिरावट देखी गई, जो सितंबर 2024 के अंत में 1153.72 मिलियन से घटकर 1150.42 मिलियन हो गई। एयरटेल का बाजार हिस्सा 33.50 प्रतिशत रहा, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी एयरटेल द्वारा ग्राहकों को आकर्षित और उन्हें अपने नेटवर्क पर बनाए रखने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया ट्राई की अक्टूबर 2024 की टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा रिपोर्ट देखें, जो ट्राई के आधिकारिक रिपोर्ट के रूप में उपलब्ध है।

# कैम्ब्रिज स्कूल में समारोहपूर्वक मनाया गया क्रिसमस डे

## एसआरएच कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे



**मोतिहारी/पताही।** एसआरएच कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन ई. संजय कुमार,प्राचार्य डॉ ज्योत्स्ना, आईटी प्रबधक संतोष राउत ने केक काट कर इस जन्म दिवस को मनाया। प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किये। सांता क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सबका मन आकर्षित किया। इस अवसर पर सांता क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे और कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर चेयरमैन ने सबको शुभकामना देते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया। प्राचार्य ने सबको शुभकामना देते हुए यीशु मसीह के जन्म व उनके अनुदानों से अवगत कराया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योत्स्ना की देख रेख में किया गया। स्कूल आईटी प्रबंधक संतोष राउत ने कहा कि क्रिसमस डे मनाने का वास्तविक अर्थ एक-दूसरे को प्यार करना, बड़ों, माता पिता और शिक्षकों का सम्मान करना, प्यार व खुशी बांटना और ज़रूरतमंद लोगों की सहायता करना है, इस अवसर पर अनुप्रिया मैम, निशी मैम, सुजाता मैम, सोनाली कुमारी, सुनीता कुमारी, अर्पित श्रीवास्तव, दीपक पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# भूमिहीनों को भी मिलेगा प्रधानमंत्री आवासः- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहार शरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री व जदयू के कद्दावर नेता श्रवण कुमार ने कहा कि गरीब भूमिहीनों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देगी उसे जमीन खरीदने के लिए पैसा देगी बिहार में पाँच लाख 42 हजार लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना मिलेगा और हमने भारत के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह से मिलकर जीविका दीदीयों को रोजगार के लिए दो लाख के बजाय दस लाख रुपया दिलाने की बात की है ताकि जीविका दीदी बडा रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सके ये बाते मंत्री श्री कुमार ने नूरसराय प्रखण्ड के जगदीशपुर तियारी पंचायत में 42 लाख 83 हजार की लागत से योजना का उदघाटन व शिलान्यास के दौरान कह रहे थे बता दे की लक्ष्मीनिया बिगहा गाँव में प्राथमिक विद्यालय में 14 लाख की लागत से चार दिवारी का उदघाटन किया वही जगदीशपुर तियारी गाँव मे चेक डैम व छिलका एवम 8 लाख की लागत से सामुदायिक भवन व पी सी सी ढलाई का उदघाटन किया वही उन्होंने उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे के शिल्पकार है जो बिहार में विकास की गति दुगनी कर दी है वही इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास की गंगा बह रही है बिहार में जो विकास का कार्य हुआ है उसका अनुकरण अब दूसरे राज्य में हो रहा है सूबे के गरीब किसान के छात्र छात्राये स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर बिहार का नाम देश विदेश में रौशन कर रहे है इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख रेखा देवी उपप्रमुख अविनाश कुमार मौर्य बी डी ओ जियाउल हक पी ओ आशुतोष कुमार जगदीशपुर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी मुखिया संघ के अध्यक्ष व पपरनौसा पंचायत के मुखिया अमरेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया पूर्व मुखिया चंद्रशेखर प्रसाद भोली सिंह पैक्स अध्यक्ष शशि कुमार सिंह इंदु चौहान महेन्द्र चौहान शैलेन्द्र चौहान डॉ सुनील दत्त महेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# क्रिसमस ट्री क्राफ्ट प्रतियोगिता में सफल बच्चे हुए सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**वज़ीरगंज** ।वज़ीरगंज प्रखंड के तपोवन रोड स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस डे के पुर्व संध्या पर विद्यालय के कक्षा एलकेजी से कक्षा पांचवी के छात्रों के बीच क्रिसमस ट्री क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के साथ शिक्षिकाओं ने सभी छात्रों का सहयोग कर इस प्रतियोगिता में चार चाँद लगाये। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ क्रिसमस ट्री क्राफ्ट बनाये।इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक और सुन्दर क्रिसमस ट्री का मॉडल तैयार किया | जिसमें सबसे उत्कृष्ठ क्रिसमस ट्री क्राफ्ट मॉडल के लिए तनु शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, नंदनी एवं रुद्राक्षी को विद्यालय प्राचार्य ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया |विद्यालय निदेशक वीरू कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में प्रतिस्पर्धा को जन्म देते हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अभिषेक कुमार, गौतम कुमार, पल्लवी शर्मा, निशु शर्मा, तनु कुमारी, सीमा कुमारी, संगीता कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राए मौजूद थे |

# उत्तर प्रदेश के लखनऊ बैंक डकैती कांड मुठभेड़ में मारे गए युवक के घर पर पसरा मातमी सन्नाटा

नई सोच एक्सप्रेस



**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के लखनऊ में बैंक डकैती की वारदात के 24 घंटे के अंदर यूपी पुलिस ने दो लूटेरों को मुठभेड़ में मार गिराया है ।मारे गए अपराधी की पहचान बिहार राज्य अंतर्गत मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के चौरगांव पंचायत के वार्ड नंबर 2 पुरुषोत्तम पुर गांव निवासी रामानंद बिद के 24 वर्षीय पुत्र शोविंद कुमार एवं अमैया गांव के स्वर्गीय नंदलाल बिद के 30 वर्षीय पुत्र सनी कुमार के रूप में हुई है। मुठभेड़ में मारे जाने की जानकारी मंगलवार को मीडिया के माध्यम से परिजनों को मिली । जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के घर पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई ।मालूम हो कि चौरगांव निवासी शोविंद कुमार अमैया गांव से प्रेम प्रसंग में लड़की भगाने मामले में मुंगेर जेल गया था । जेल से आने के बाद वह हरियाणा मजदूरी करने चला गया था। हरियाणा के अंबाला में बैंक लॉकर काटने के मामले में सितम्बर 2023 हरियाणा पुलिस ने 01 वर्ष पूर्व असरगंज पुलिस के सहयोग से

**» असरगंज थाना में दोनों मृतक का अपराधिक इतिहास नहीं**

गिरफ्तार कर अपने साथ हरियाणा ले गई थी ।तब से वह जेल में बंद था। मृतक की पत्नी रंजना ने रोते हुए बताया कि बीते एक सप्ताह पूर्व मेरे पति जेल से बाहर आया था। मोबाइल पर बातचीत के दौरान कहा था कि घर वापस लौट रहे हैं। मृतक के भाई कृत कुमार ने बताया कि भाई की घर आने का राह देख रहे थे। मीडिया के माध्यम से मुठभेड़ में मारे जाने की खबर मिली।मृतक शोविंद की शादी 2019 में खड़गपुर थाना क्षेत्र के खसियाबाद गांव में हुई थी ।वह अपने पीछे पत्नी एक 3 वर्षीय पुत्र छोड़ गया है। मृतक की मां जया देवी एवं पत्नी रंजना देवी रोते हुए बताया कि हम लोग किसके सहारे जिएंगे । वहीं चौरगांव से सटे अमैया पंचायत के अमैया बिंद टोला निवासी सन्नी कुमार के पुलिस मुठभेड़ में मरने की खबर पर मां मीरा देवी एवं पत्नी किरण देवी रोते हुए कह रही थी कि हर सीजन पर मेरे पति मजदूरी के लिए पंजाब हरियाणा जाते थे। खेती बारी करके छठ पर्व के बाद मजदूरी करने हरियाणा गए थे । सन्नी कुमार अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है। इधर मृतक के परिजनों गिरधारी बिद ने मीडिया के माध्यम से कहा कि हम लोग मजदूर तबके के लोग हैं सरकार से शब को घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

# फतुहा प्रखंड पर अपराध -भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकदिवसीय धरना

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** फतुहा प्रखंड पर मानव अधिकार मंच द्वारा एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामयत्न यादव ने किया। मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि आज पूरा बिहार अपराध का नगरी और भ्रष्टाचार का साम्राज्य बन चुका है। नित्य दिन हत्या ,अपहरण , दुष्कर्म का दिन चर्चा बन चुकी है। अपराध में इस्तेमाल होने वाले हथियार को बरामद करने की प्रयास नहीं की जाती है तथा नहीं हथियार निर्माण स्थल का उद्वेदन की जाती है। कानून के अनुसार अपराध में इस्तेमाल होने वाले हथियार का बरामद करने का नियम है तथा हथियार निर्माण स्थल का उद्वेदन करना भी है कि हथियार निर्माण स्थल कहां है। परंतु ऐसा किया नहीं जाता है। कानून के अनुसार कारतूस उपलब्ध कहां से हो रहा है इसका भी उद्भेदन करना है। ऐसी क़दम कोई पुलिस अधिकारी सरकार के आदेश के वगैर नहीं उठा सकती। ऐसी कदम उठाने से 80 /90% अपराध घट सकती है। अधिकांश प्रखंड के बगल में थाना होती है तथा सभी प्रकार के अपराध पर पुलिस को निगरानी रखना है। यदि कोई घूस मांगता है या लेता है तो पुलिस भी प्राथमिक दर्ज कर कार्यवाही कर सकती कर सकती है। परंतु सरकार पुलिस द्वारा कार्रवाई न करवा कर एक विजिलेंस डिपार्टमेंट बना दिया है क्योंकि पुलिस के अधिकार मिल जाने के बाद अधिकांश घूसखोर में जेल में होगा या ईमानदार बनना होगा। विजिलेंस पकड़वाने के लिए कोई दुबारा नहीं जाता है। धरना दे रहे लोगों ने बिहार में बढ़ते अपराध, भय, भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए कहा कि सुशासन सरकार में आये दिन हत्या, अपहरण, चोरी, डकैती जैसे जघन्य अपराध बढ़ गया है। सरकार का सुशासन कोरा कागज साबित हो रहा है। बिहार में आम-आवाम परेशान है। थाना -अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। यदि सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो हमलोग जाति-पाति से ऊपर उठकर एक जुटता के साथ आंदोलन करेंगे। अवैध शराब बिक्री, घुसखोरी, बढ़ता अपराध पर सरकार जल्द लगाम लगाएं। धरना में इन्द्रदेव मिस्त्री, सिदेश्वर प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह (गांधी जी), संजय कुमार, गुड्डू कुमार यादव, मुन्ना यादव, रंजीत कुमार, मुंद्रा कुमार, रिंकू कुमारी, संजीव कुमार, राजू कुमार, गुड्डू कुमार यादव, मुनेश्वर प्रसाद, विजय कुमार, रंजीत कुमार, अतृप्त जवाहर सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# विद्यालय में शिक्षकों की छवि धूमिल होती और विद्यालय के पठन पाठन का माहौल प्रभावित होता है

नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामनगर कुर्सेल में कार्यरत शिक्षक अवध कुमार ने कहा कि मैं प्राथमिक विद्यालय रामनगर में पिछले दस वर्षों से अपनी सेवा दे रहा हूं।दिनांक 23 दिसंबर 2024 को एक वीडियो मेरे स्कूल से संबंधित है।जिसे विभिन्न व्हाट्स एप ग्रुप में प्रसारित किया जा रहा है।जिसे देखने के बाद मैं बहुत स्तब्ध हुआ हूं। दिनांक 19 दिसंबर 2024 को मैं 3 री घंटी वर्ग 5 का ले रहा था। पिछले दिन का गृह कार्य लगभग 15 बच्चों ने नहीं किया था और कई बच्चे स्कूल भी अनियमित आ रहे थे। जिसके लिए बच्चों से कहा गया कि अगले दिन वे अपने माता- पिता के साथ विद्यालय आये। अन्यथा प्रधानाध्यापक से तुम लोगों की शिकायत की जाएगी।अगले दिन 5 अभिभावक इस आशय स्कूल भी आए। इसी में एक बच्ची खुशी कुमारी को शायद इस बात से




डर हो गया कि टीचर मेरे माता-पिता से शिकायत कर देंगे। जिस कारण वो अगले दिन स्कूल नहीं आई और बाद में खबर आया की उसके पांव में दर्द हो गया है। उसने अपने माता पिता को बताया कि टीचर उनसे स्कूल न आने वाले बच्चों को बुलाने कहते हैं। और गृह कार्य न करने व स्कूल अनियमित आने के कारण उसे उठक बैठक कराया गया है।इस आशय में प्राथमिक विद्यालय रामनगर में कार्यरत शिक्षक अवध कुमार ने कहा कि बच्चों को स्कूल बुलाने के लिए इस स्कूल

**» 23 दिसंबर को बच्ची को घर में खेलते हुए देखा गयाः अवध कुमार**

में एक शिक्षा सेवक है। उक्त दिन की हाजिरी लगभग 80 प्रतिशत थी।अतः बच्चे का ये कहना बिलकुल निराधार है।इस संबंध में ग्रामीण के द्वारा अगले दिन सभी बच्चों से पूछने से ऐसी किसी भी बातों से इंकार किया गया। दिनांक 23 दिसंबर को बच्ची को घर में खेलते हुए देखा गया। प्राथमिक विद्यालय रामनगर में कार्यरत शिक्षक अवध कुमार ने कहा कि मेरे खिलाफ चलाया जा रहा वीडियो क्लिप बिल्कुल बेबुनियाद है और इससे मैं काफ़ी अचंभित भी हूं। किसी भी घटना का आरोप मात्र लगा देना गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्राथमिक विद्यालय रामनगर, कुर्सेल में कार्यरत शिक्षक अवध कुमार ने कहा कि इससे विद्यालय में शिक्षकों की छवि धूमिल होती है और विद्यालय के पठान पाठन का पर्यावरण भी बिगड़ जाता है।

# वजीरगंज में गृह मंत्री के अमित शाह के विरूद्ध निकाला आक्रोश रैली



नई सोच एक्सप्रेस

**वजीरगंज।** समतामूलक संग्राम दल के सदस्य एवं उनके समर्थकों ने मंगलवार की संध्या पहर में प्रखंड मुख्यालय परिसर से आक्रोश रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाया और विरोध में जमकर नारे लगाये। प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह से माफी मांगने को कहा तथा नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद, अमित शाह हाय - हाय, अमित शाह शर्म करो एवं जय भीम के नारे लगाये। रैली का निर्देशन प्रदेश सचिव चंदन कुमार दास कर रहे थे |इस मौके पर जिला सचिव जितेन्द्र कुमार मांझी, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद दास, धनंजय कुमार मांझी, रविशंकर कुमार, जितेन्द्र कुमार रावण सहित अन्य लोग शामिल थे।

# होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई एसपी160

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई एसपी160 को लॉन्च किया है, जो ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप है। आज के जमाने के राइडर के लिए बनाई गई, इस अपडेटेड एसपी160 में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई 2025 होंडा एसपी160 की शुरुआती कीमत (एक्स-शोरूम दिल्ली) 1,21,951 रुपये है। यह दो वैरिएंट्स, सिंगल डिस्क और डबल डिस्क में उपलब्ध होगा, जिसमें चार कलर ऑप्शन होंगे - रेडिएंट रेड मेटैलिक, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल डीप ग्राउंड ग्रे और एथलेटिक ब्लू मेटैलिक। सिंगल डिस्क की कीमत 1,21,951 रूपये (एक्स-शोरूम दिल्ली), डबल डिस्क की कीमत 1,27,956 रूपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। अपडेटेड एसपी160 को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हम नई ओबीडी2बी अनुपालक अपडेटेड एसपी160 को पेश करते हुए बहुत खुश हैं। अपने लॉन्च के महज एक साल के भीतर, एसपी160 ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई है। इस लॉन्च के बारे में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, " एसपी160 बोल्ड बनने की चाहत रखने वाले महत्वाकांक्षी युवा राइडर्स द्वारा प्रेरित है।

# नन्हे सांता क्लाज ने बच्चों को बाटे उपहार

नई सोच एक्सप्रेस



**गया।** सर्वे ऑफिस के निकट आरंभिक प्ले हाउस में धूमधाम से क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया | जिसमें बच्चे रंग-बिरंगे और सांता क्लाज के ड्रेस पहनकर शामिल हुए | क्रिसमस पार्टी की शुरुआत केक काटकर हैप्पी बर्थडे ईशु गाने से बच्चों ने की । निदेशक विनीत कुमार ने बच्चों, अभिभावकों , शिक्षकाओ, एवं सहयोगी कर्मचारियों को भी क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और बताया कि दुनिया भर में हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है | इस दिन ईसाई धर्म के लोग चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। इस खास मौके पर डांस टीचर गौतम ने जिंगल बेल जिंगल बेल ,मैरी क्रिसमस जैसे गानों पर बच्चों को खूब नचाया और मस्ती कराई। सचिव रजनीश कुमार ने बच्चों को क्रिसमस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और सच्चाई और प्रेम की राह पर चलने की सलाह दी और साथ ही नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि 2025 और आगे आने वाले सभी वर्ष आपकी जिंदगी में सिर्फ खुशियां लाए ।व्यवस्थापक मृगांक नारायण सिंह ने बच्चों को नव वर्ष और क्रिसमस की शुभकामनाएं दी और बच्चों को सांता क्लाज के वेशभूषा में देखकर बहुत खुश हुए। प्राचार्या अलका सिंह ने बताया कि क्रिसमस का त्यौहार प्यार और शांति का प्रतीक है और साथ में यह बताया कि क्रिसमस क्रिश्चियन समुदाय का सबसे बड़ा और खुशी का त्यौहार है । इस कारण इसे बड़ा दिन भी कहा जाता है। "क्रिसमस पर मिले आपको ढेर उपहार, खुशियों का साथ अपनों का प्यार ,खूब अच्छा हो आपका आने वाला साल ,मुबारक हो आपको क्रिसमस का त्यौहार। विद्यालय के शिक्षकाओ अनुपम सिंहा ,ज्योति कुमारी, स्नेह लता , मीतू, वैष्णवी, गुलिस्ता ,नाजिया ने भी बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन से संबंधित कई रोचक प्रसंग सुनाए और केक बाटे ।

# वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है। महाराष्ट्र और कर्नाटक की सरकारें ऑफिस कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और उन पर अमल के निरीक्षण की तैयारी में हैं। यह कदम अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की एक युवा कर्मचारी की मौत के बाद उठाया जा रहा है। तब उस मौत का कारण काम का अत्यधिक दबाव बताया था। भारत में वाइट-कॉलर यानी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के नियम लगभग ना के बराबर हैं। उदारीकरण के दौर में, जब कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए कॉस्ट कटिंग की पॉलिसी अपना ही है, तब कम कर्मचारियों से अधिक काम लेना आम चलन बन गया है। जो कर्मचारी इसमें पिछड़ते हैं, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाती है। अनियमित घंटों तक काम और मनमानी बर्खास्तगी आज वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या है। इसका बहुत खराब असर खासकर युवा कर्मियों पर पड़ा है। ईवाई कर्मचारी की मौत के बाद ये सारे मुद्दे बहुचर्चित हुए थे। उसका प्रभाव सरकारों पर पड़ा है। कर्नाटक में अधिकारियों ने निजी कंपनियों में ऑफिस में कामकाज की स्थिति की जांच शुरू की है। महाराष्ट्र में भी एक ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन है। बताया गया है कि प्रस्तावित नियम कंपनियों में नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रियाओं की विनियमित नियंत्रित करेगा। इसमें सभी कॉरपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उनमें मैनेजर स्तर स्टाफ भी शामिल होंगे। कर्नाटक के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों की अत्यधिक काम की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। यह तथ्य है कि भारत में युवा आत्म-हत्या के मामले बढ़े हैं। किशोरों और युवाओं के बीच मृत्यु का चौथा सबसे प्रमुख कारण कामकाज का बढ़ा दबाव है। बेशक ये आंकड़े भारत में मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में बढ़ते तनाव का संकेत हैं। बहरहाल, अहम सवाल है कि क्या कानून या विनियम लागू करने से ऐसी समस्याओं का समाधान हो सकता है? वाइट कॉलर हों या ब्लू कॉलर कर्मी, उनकी बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।

# केबल चोरी के तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फार्मूला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पड़ेगी। सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुईं। इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडऩे और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाडिय़ों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है। वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य पण्रालियां-पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढ़े बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं। चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टेशनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं। रस्सियों का इस्तेमाल करके मेट्रो की पटरियों तक पहुंचते हैं। कभी-कभी वे अपने साथियों की मदद से या पेड़ की शाखाओं का इस्तेमाल करके पटरियों पर चढ़ते हैं। पटरियों पर चढऩे के बाद कीमती केबल काट लेते हैं। केबल काटने के बाद पटरियों पर मौजूद व्यक्ति उसे जमीन पर अपने साथियों के पास फेंक देता है। साथी तुरत-फुरत में केबल उठा लेते हैं, और उसे पास की झाडिय़ों में छिपा देते हैं, या किसी गाड़ी में लाद देते हैं। फिर वह व्यक्ति रस्सी के सहारे पटरियों से नीचे उतर जाता है। पुलिस का यह भी मानना है कि चोर अक्सर नाबालिगों को अपराध करने के लिए काम पर रखते हैं, क्योंकि वे आसानी से चढ़ कर तार काट सकते हैं।

# बड़ा दिन, बड़े लोग, बड़ी बातें



आरती कुमारी

25 दिसंबर यानी बड़ा दिन. दुनिया भर में ईसाई धर्म का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस मनाया जाता है आज. अब जब दुनिया इसे बड़े दिन के नाम से जानती है तो फिर अवश्य ही दिन बड़े लोगों, बड़ी बातों एवं बड़े महत्व का होगा ही. दुनिया भर में सबसे ज्यादा आबादी यदि किसी धर्म के लोगों की है तो वह है ईसाई धर्म. इनमें भी कैथोलिक परंपरा को मानने वाले समर्थक सबसे ज्यादा एवं सबसे समर्थ माने जाते रहे हैं . इन्हीं कैथोलिक धर्म अवलंबियों का सबसे बड़ा त्यौहार होता है क्रिसमस दिवस, वही त्यौहार जिसमें सांता क्लास उपहार बांटते हैं. चर्च दुल्हन की तरह सजाए जाते हैं और दो हफ्तों तक यूरोपीय देशों में यह त्यौहार बड़े ठाठ के साथ मनाया जाता है, ऑस्ट्रेलिया अमेरिका कनाडा जापान यहां तक कि भारत और चीन में भी क्रिसमस की धमक सुनाई देती है। एक मान्यता यह भी है कि 25 मार्च को ईसा मसीह की माता मरियम को यह स्वप्न आया था कि पैगंबर के रूप में ईसा मसीह उनकी कोख से जन्म लेंगे और इसके ठीक 9 महीने बाद 25 दिसंबर को ईसा मसीह ने जन्म लिया जिन्होंने बाद में दुनिया भर को अहिंसा करुणा दया एवं सहनशीलता तथा प्रेम का अद्भुत संदेश दिया। यदि भौगोलिक नजरिए से देखें तो 21 जून सबसे बड़ा दिन होता है और 22 दिसंबर सबसे छोटा. मान्यता है कि 22 दिसंबर के बाद दिन बढ़ना शुरू हो जाता है इसलिए 23 दिसंबर को बड़े दिन के नाम से पुकारा जाता है लेकिन इसी सभ्यता के समर्थक यूरोपीय देशों की भौगोलिक स्थिति के चलते 25 दिसंबर को बड़े दिन के रूप में मानते आए हैं और यह परंपरा आज भी जारी है। इतिहास की दृष्टि से देखे तो 25 दिसंबर कई महापुरुषों की जयंती है तो कई का महान निर्वाण दिवस भी यानी महान पुरुषों के आने एवं जाने का बड़ा दिन है 25 दिसंबर, शायद इसलिए भी इसे सारी दुनिया बड़ा दिन मानती है। 25 दिसंबर को जन्म लेने वाले महान पुरुषों में भारत रत्न पंडित महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, प्रसिद्ध नेता, संस्कृत के प्रकांड विद्वान गंगा नाथ झा आदि का नाम मुख्य है। मदन मोहन मालवीय (25 दिसंबर 1861 – 12 नवंबर 1946) न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद् थे बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। हिंदू राष्ट्रवाद के समर्थक मदन मोहन मालवीय देश की जातिगत बेड़ियों को तोड़ना चाहते थे। उन्होंने दलितों के मंदिरों में प्रवेश पर रोक की बुराई के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाया। 24 दिसंबर 2014 को भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पंडित मदन मोहन मालवीय को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान गंगानाथ झा (25 दिसम्बर 1872 – 9 नवम्बर 1941) ने हिन्दी, अंग्रेजी और मैथिली भाषाओं में दार्शनिक विषयों पर उच्च कोटि की मौलिक पुस्तकों की रचना की है। उनकी अनेक कृतियों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय का 'गंगानाथ झा शोध संस्थान' (स्थापना 17 नवम्बर 1943) प्रमुख है। बनारस या वाराणसी वासी डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी (25 दिसंबर 1880 – 10 मई 1936) प्रसिद्ध चिकित्सक और जाने-माने राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता थे जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लिया, उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रवादी विश्वविद्यालय काशी विद्यापीठ और जामिया मिलिया की स्थापना में योगदान दिया। अहमद अंसारी का जन्म 25 दिसंबर 1880 को हुआ था। भारत के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्रियों में से एक अटल बिहारी वाजपेयी (25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018), नरसिम्हा राव के बाद 1996 में मात्र 13 दिनों के लिए प्रधानमंत्री बने थे. बाद में 1998 में वे दोबारा प्रधानमंत्री बने. फिर अक्टूबर 1999 में दोबारा प्रधानमंत्री बने और उन्होंने यह कार्यकाल बेहद सफलतापूर्वक पूरा किया। इससे पहले वे अप्रैल 1999 से अक्टूबर 1999 तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री भी रहे थे। अटल बिहारी वाजपेई देश के सबसे लोकप्रिय वक्ताओं में से एक तो थे ही, उन्होंने 1998 में देश को एक परमाणु शक्ति घोषित करने का साहसिक कार्य भी किया जिसके चलते देश पर कई प्रतिबंध लगे लेकिन अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने कुशलतापूर्वक सबका सामना करते हुए देश को प्रगति के पथ पर डाल दिया।

**सुशासन दिवस-** भारत में हर साल 25 दिसंबर को सुशासन दिवस भी पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों, छात्रों, जो देश का भविष्य हैं, को सरकार की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताना है जिन्हें उसे पूरा करने की आवश्यकता है। यदि 25 दिसंबर को उपरोक्त महान व्यक्तित्वों का अवतरण हुआ तो वहीं कई महान व्यक्तित्व आज के ही दिन ही लोग को छोड़कर परलोकवासी भी हुए तो उनकी पुण्यतिथि भी मनाई जाती है 25 दिसंबर को। अधिवक्ता, लेखक, राजनीतिज्ञ और दार्शनिक, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, जिन्हें राजाजी के नाम से भी जाना जाता है, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (10 दिसम्बर 1878 – 25 दिसम्बर 1972), वे स्वतंत्र भारत के दूसरे गवर्नर-जनरल और पहले भारतीय गवर्नर-जनरल थे। अपने अद्भुत और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण 'राजाजी' के नाम से प्रसिद्ध महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और गांधीवादी राजनीतिज्ञ चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को आधुनिक भारत के इतिहास का 'चाणक्य' माना जाता है। राजगोपालाचारी की बुद्धिमत्ता और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे कई उच्च पदस्थ कांग्रेसी नेता भी उनकी प्रशंसा करते थे। एक भारतीय नाटककार, पटकथा लेखक, फ़िल्म और नाट्य निर्देशक सत्यदेव दुबे (1936 – 25 दिसंबर 2011) ने फ़िल्मों में अभिनय भी किया और पटकथाएँ भी लिखीं। वे देश के एकमात्र हिंदी नाटककार थे जिन्होंने विभिन्न भाषाओं के नाटकों को हिंदी में लाकर उन्हें अमर कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध शख्सियतों में शामिल ब्रिटिश हास्य अभिनेता और निर्देशक चार्ली चैपलिन, जिन्हें मोशन-पिक्चर इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण शख्सियतों में से एक माना जाता है, का निधन भी 25 दिसंबर को ही हुआ। यह तो सबको ज्ञात है कि 1 जनवरी से नए ग्रेगोरियन कैलेंडर की शुरुआत होती है जो 25 दिसंबर के मैच 6 दिन बाद आता है यानी एक प्रकार से नए साल की शुरुआत 25 दिसंबर के आसपास ही होती है तो इस हिसाब से भी 25 दिसंबर बड़ा दिन माना जा सकता है।

# अटल बिहारी वाजपेयी के अधूरे सपनों को पूरा कर रहे है प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी

**भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को विशेष**

शोक भाटिया , मुंबई

अटल बिहारी वाजपेयी जिनका आज जन्म दिन है आजाद भारत में पैदा हुए पांच शानदार नेताओं में से एक थे। इन सभी पाँच नेताओं का देश की जनता पर गहरा और लगभग पूर्ण प्रभाव था। उनका कद, शैली, मानक और बोलबाला अद्वितीय और अभूतपूर्व था/हैं। ये पांच नेता थे/हैं महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी। जबकि पहले तीन राष्ट्रीय नेता विचारधारा की एक धारा का प्रतिनिधित्व करते थे, बाद के दो विचारधारा की बिल्कुल अलग धारा का प्रतिनिधित्व/प्रतिनिधित्व करते थे, जो पहले से बिल्कुल अलग है।इन्ही में से एक अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राष्ट्र के प्रति सेवा काल में बहुत ही उत्कृष्ट काम किए जिन्हें विरोधी दल पचा नहीं पा रहे थे । उन्हें लगता था कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी इसी प्रकार आगे बढ़ते रहे तो लोग उन्हें (विपक्षी दलों ) को भूल जाएंगे परन्तु वाजपेयी ने अपनी विचारधारा का लगातार अनुसरण करते रहे लेकिन भारत में तत्कालीन चुनावी राजनीति की मजबूरियों ने उन्हें गठबंधन की राजनीति का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कला में दोनों स्थितियों में महारत हासिल की, जब वे विपक्ष में थे और तब भी जब वे सत्ता पक्ष में थे। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे अनुभव से, उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं, दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व और करीबी अनुयायियों के लिए सीखने के लिए कई सबक छोड़े। समय की विडम्बना थी कि जब 1996 में प्रधान मंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान जब उन्हें लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा तो उनकी सरकार केवल एक वोट से गिर गई । उस समय उन्होंने लोकसभा में अपने शानदार भाषण में कहा था कि सरकारें आएंगी और जाएंगी, नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन यह देश सहना होगा, टिकना होगा......अगर आप (विपक्ष) हमें हटाकर सरकार बनाना चाहते हैं, तो बना सकते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं है कि यह टिकेगी।भाजपा ऐसी पार्टी नहीं है एक कुकुरमुत्ते की तरह उग आया है, इसने जनता के बीच अपनी जगह बनाने के लिए चालीस साल तक काम किया है ...... आज आप (विपक्ष) हम पर हंस रहे हैं क्योंकि हमारे पास सीटें कम हैं, लेकिन एक दिन पूरा देश ऐसा करेगा आप पर हंसें। हम जरूरी संख्या के साथ वापस आएंगे और जो मिशन हमने अपने हाथ में लिया है, उसका पालन करते रहेंगे। उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संख्याओं के महत्व को रेखांकित किया। संसद में भाजपा के लिए पूर्ण संख्या प्राप्त करने का उनका सपना उनके ऐतिहासिक भाषण के 18 साल बाद 2014 में उनके सबसे करीबी शिष्यों में से एक नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद साकार हुआ। 1996 के बाद, वाजपेयी दो बार भारत के प्रधान मंत्री चुने गए लेकिन दोनों समय; उन्हें गठबंधन सरकार बनानी पड़ी क्योंकि दोनों बार भाजपा केवल 182 सीटें जीत सकी, जो आवश्यक बहुमत से नब्बे एक कम थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 के साथ-साथ 2019 में भी पूर्ण बहुमत हासिल किया और दोनों बार कांग्रेस को सिर्फ 50 सीटों के आसपास ही समेट दिया। वाजपेयी की बातें सच हुईं और उनका सपना भी साकार हुआ कि भाजपा एक दिन पूरे बहुमत के साथ वापस आएगी। भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने में प्रधानमंत्री मोदी की असाधारण उपलब्धि की भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने संसद के केंद्रीय कक्ष में भाजपा की पहली संसदीय दल की बैठक में सराहना की, जो लोकसभा में पार्टी के नेता का चुनाव करने के लिए बुलाई गई थी मई 2014 में। अब भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले पंद्रह वर्षों के दौरान उनके प्रमुख सपनों को साकार करने में निरंतर कार्य कर रहे है । इन सपनों का अपने गहरे संगठनात्मक, वैचारिक और राजनीतिक निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए न केवल भाजपा (पहले भारतीय जनसंघ ) के लिए बल्कि पूरे देश के लिए बहुत महत्व था । वाजपेयी ने कई अवसरों पर अपनी कुछ प्रसिद्ध अभिव्यक्तियों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की और आशा व्यक्त की कि सपने एक दिन सच होंगे, भले ही वे उनके जीवनकाल में साकार न हो सकें। उन्होंने उनके बारे में बात करने का कोई मौका नहीं छोड़ा और अपने कार्यकर्ताओं और लोगों दोनों को उन आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया, जिन्होंने उनके जीवन को प्रेरित किया और उन्हें पूरा करने की दिशा में काम किया। प्रधान मंत्री के रूप में वाजपेयी की तीसरी पारी के दौरान, "उन्होंने (वाजपेयी) 2001 के पहले सप्ताह में अपने प्रवास के दौरान, केरल में समुद्र के आकार की वेम्बनाड झील के पिछले पानी पर कुमारकोम से अपनी प्रसिद्ध म्युसिंग लिखी थी। उन्होंने एक के बाद एक दो लेख लिखे। उसी स्थान से अन्य जिन्हें भारत के लगभग सभी प्रमुख समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किया गया था। उन्होंने उन्हें "अतीत की समस्याओं को हल करने का समय, बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने का समय" शीर्षक दिया। प्रिय और महान अटल जी ने लिखा, "हमारा देश कई समस्याओं का सामना कर रहा है जो हमारे इतिहास की विरासत हैं। मैं उनमें से दो पर अपने विचार साझा करना चाहता हूं। एक जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के साथ लंबे समय से चली आ रही समस्या है और दूसरा अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद है। उन्होंने आगे कहा था कि हालांकि, मुझे यह जानकर दुख हुआ कि पाकिस्तान सरकार अपनी धरती पर स्थित आतंकवादी संगठनों पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रही है, जो कश्मीर और अन्य हिस्सों में निर्दोष नागरिकों और हमारे सुरक्षा कर्मियों दोनों को निशाना बनाकर हत्या का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। मैं उन कश्मीरियों के दर्द और पीड़ा को भी महसूस करता हूं जो अपनी ही मातृभूमि में शरणार्थी बन गए हैं। कश्मीर समस्या के बाहरी और आंतरिक दोनों आयामों के स्थायी समाधान की हमारी खोज में, हम केवल अतीत की घिसी-पिटी राह पर नहीं चलेंगे। बल्कि, हम पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि की भविष्य की वास्तुकला के साहसी और नवोन्मेषी डिजाइनर होंगे। और तदनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने अपनी सरकार और भारत की संसद को ऐतिहासिक "शांति और समृद्धि के भविष्य की वास्तुकला के डिजाइनर" बनने का नेतृत्व किया, जब उन्होंने 5-6 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने का संकल्प पारित कराया और जम्मू-कश्मीर के संबंध में राजनीतिक द्वंद्व समाप्त हो गया। यह निश्चित रूप से "अतीत की घिसी-पिटी राह" से एक कदम दूर था। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को भारतीय संविधान की दृष्टि से संसदीय कार्रवाई को मान्य कर दिया और इस प्रकार संवैधानिक द्वंद्व को भी हमेशा के लिए समाप्त कर दिया।आज कश्मीर में लोकतंत्र की सरकार है व 'दो प्रधान दो निशान' का नामोनिशान मिट गया हैं । अयोध्या मुद्दे के संबंध में, वाजपेयी ने कहा था की मैंने हमेशा माना है कि इस विवादास्पद मुद्दे को हल करने के दो तरीके हैंः न्यायिक मार्ग या पारस्परिक रूप से स्वीकार्य स्थिति के लिए बातचीत का मार्ग। मैंने कहा है कि सरकार न्यायपालिका के फैसले को स्वीकार करेगी और लागू करने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है, चाहे वह कुछ भी हो। लेकिन यह गैर-सरकारी और गैर-राजनीतिक ढांचे में बातचीत की आवश्यकता को समाप्त नहीं करता है। न्यायिक मार्ग और बातचीत का विकल्प एक-दूसरे को बाहर नहीं करते, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने भारतीय लोकाचार का खूबसूरती से वर्णन किया था कि भारत अपने सभी नागरिकों और समुदायों का समान रूप से है, न किसी का ज्यादा और न किसी का कम। साथ ही, हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करना और देश की प्रगति में योगदान देना सभी नागरिकों और समुदायों का समान कर्तव्य है। हाल के दिनों में, अपने अधिकारों पर कम और अपने कर्तव्यों पर कम ध्यान देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसे बदलना होगा। अपने लंबे इतिहास में, भारत की एकता धर्मनिरपेक्षता के लोकाचार से पोषित हुई है जो उसके सभी लोगों को न केवल एक-दूसरे के रीति-रिवाजों, परंपराओं और मान्यताओं को सहन करना सिखाता है, बल्कि उनका सम्मान भी करता है। आपसी सहिष्णुता और समझ से सद्भावना और सहयोग बढ़ता है, जो बदले में हमारी राष्ट्रीय एकता के रेशमी बंधन को मजबूत करता है। धर्मनिरपेक्षता कोई विदेशी अवधारणा नहीं है जिसे हमने आज़ादी के बाद मजबूरी में आयात किया हो। बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय संस्कृति और लोकाचार की एक अभिन्न और प्राकृतिक विशेषता है। 22 जनवरी 2024 को, वाजपेयी का एक और सपना भी पूरी तरह से साकार हो गया जब अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया । इस अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं और प्रतिष्ठित लोगों के अलावा 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के उपस्थित रहे । इस सपने के साकार होने के साथ ही अब वाजपेयी का चौथा सपना फोकस में होगा। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उचित समय और स्थान की जरूरत है। वाजपेयी का एक और सपना अभी तक अधूरा सपना भारतीय संविधान के निदेशक सिद्धांतों में से एक है, यानी पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का कार्यान्वयन। बीजेएस के दिनों से ही, वाजपेयी अपनी पार्टी के अन्य सहयोगियों और साथियों के साथ इस मुद्दे की वकालत करते रहे हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार सरकार से इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने को कहा है। अब भारत सरकार को आखिरी फैसला लेना है। अगले छह महीनों के एजेंडे में यह माना जाता है कि यूसीसी का कार्यान्वयन अगली सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम बनेगा।

## शब्द पहेली - 8352




**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

शब्द पहेली -8351 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशिः** आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक रहने वाला है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। अपने कॉन्टैक्ट्स पर ध्यान देंगे। आज आपके परिवार में मांगलिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे, इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। आज आप नया काम करने में बहुत उत्सुक होंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज किसी बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति से आपको सही सलाह मिल सकती है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज ज्यादा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। किसी मनोरंजक स्थान की सैर करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज यात्रा की वजह से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्ते में मिठास बनी रहेगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप नया बिजनेस शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज इम्पोर्टेंट कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से अ जाने दें, छोटा चांस भी आपको मालामाल बना सकता है। आज कम मेहनत में ज्यादा फल पाने वाला दिन हैं, इसे आप अपने परिश्रम से और भी अच्छा बना सकते हैं।

**मीन राशिः** आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेग । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से खास लोगों से चल रही अनबन आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है।

# रोहित आक्रामक रणनीति के साथ उतरें : शास्त्री



**मेलबर्न**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि खराब दौरा से गुजर रहे कप्तान रोहित शर्मा को बचे हुए दो टेस्ट मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी आक्रामक रणनीति से ही उतरना चाहिए। रोहित अब तक इस सीरीज में रन नहीं बना पाये हैं। रोहत इस सीरीज के पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे और दूसरे व तीसरे मैच में वह मध्यक्रम में उतरे थे। वह पिछली तीन पारियों में 10, तीन और छह रन ही बना पाए हैं। इस दौरान उन्होंने रक्षात्मक रणनीति अपनायी थी। शास्त्री ने कहा, 'मैं रोहित को बेहतर प्रदर्शन करते हुए देखना चाहूंगा। उनकी रणनीति में थोड़ा बदलाव होना चाहिए क्योंकि वह अब भी इस छठे नंबर पर बेहद खतरनाक हो सकते हैं। मुझे लगता है कि उसे अपनी मानसिकता में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि वह मैदान पर जाकर विपक्षी टीम पर आक्रमण करे और किसी और चीज की चिंता नहीं करे। शास्त्री के अनुसार रोहित को रक्षात्मक मानसिकता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आप उनसे बस यही चीज नहीं चाहते कि उनके मन में दो तरह के विचार रहें कि उन्हें बचाव करना है या आक्रमण करना है। मुझे लगता है कि उन्हें आक्रमण करना चाहिए। उन्हें इस नंबर पर विरोध गेंदबाजों के पीछे जाना होगा। शास्त्री को लगता है कि रोहित के लिए फॉर्म में वापस आने और भारत के लिए मैच जीतने का यह सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि दुनिया में सबसे अच्छे छठे नंबर के वो बल्लेबाज हैं जो जवाबी हमला करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह फॉर्म में वापसी करने का ही नहीं बल्कि भारत के लिए मैच जीतने का भी सबसे अच्छा तरीका होगा क्योंकि यह महत्वपूर्ण नंबर है। शास्त्री ने कहा, 'दुनिया में सर्वश्रेष्ठ छठे नंबर के बल्लेबाज जानते हैं कि जवाबी हमला कैसे करना है। वे हालात को अच्छी तरह से समझते हैं पर अगर बहुत विकेट गिर गए हैं तो शायद थोड़ी देर के लिए आपको सावधान रहना होगा। लेकिन आक्रामकता में बहुत देर नहीं होनी चाहिए। रोहित ने 2013 में छठे नंबर पर अपना टेस्ट पदार्पण किया था और शतक जड़ा था। शास्त्री ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अब तक दो अर्धशतक जड़ने के बाद चौथे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में राहुल का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मैं ब्रिसबेन टेस्ट में रोहित से पारी का आगाज करने के लिए कहता। लेकिन जिस तरह से राहुल ने बल्लेबाजी की, उसे देखना मजेदार था। वह जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, मुझे लगता है कि उसने शानदार शुरुआत की है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि राहुल इस समय फॉर्म में हैं और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। शास्त्री ने कहा, 'जिस तरह से वह गेंद छोड़ रहे हैं, जिस तरह से गेंद को बल्ले पर आने दे रहे हैं, बेहतर कवर ड्राइव खेल रहे हैं, वह शानदार हैं। इसलिए मुझे लगता है कि जब इतने आत्मविश्वास से भरे हैं तो इसे ऐसे ही रहने देना चाहिए।

# अश्विन की जगह लेंगे तनुष कोटियन



**मेजबर्न**। भारतीय टीम गुरुवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वोले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में एक बड़े बदलाव के साथ उतरेगी। इस मैच में ऑफ स्पिन ऑलराउंडर तनुष कोटियन को आर अश्विन की जगह पर शामिल किया गया है। पहले कहा जा रहा था कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे पर बाद में तनुष को भेजने की बात सामने आयी। . इससे पहले बीसीसी की मेडिकल टीम ने साफ कर दिया था कि शमी चोटिल हैं और वो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे। इसी के साथ बीसीसीआई ने तनुष कोटियन के टीम में शामिल करने की भी पुष्टि कर दी। अश्विन की तरह ही तनुष भी गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। तनुष कोटियन मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंन भारतीय अंडर 19 टीम से भी खेला है। भारत-ए के हाला के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह टीम का हिस्सा थे। इस क्रिकेटर ने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए एक मुकाबला भी खेला था हालांकि आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा था। कोटियन ने 2018-19 के रणजी सत्र के जरिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 33 फर्स्ट क्लास मैचों में 25.70 के औसत से 101 विकेट हासिल किए हैं. इस दौरान उन्होंने 3 मौकों पर पारी में 5 विकेट लिए. बल्लेबाजी की बात करें तो तनुष ने 41.21 के औसत से 1525 रन बनाए हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कोटियन ने 2 शतक और 13 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 20 लिस्ट-ए और 33 टी20 मुकाबले भी खेले हैं। लिस्ट-ए मैचों में कोटियन के नाम पर 43.60 की औसत से 20 विकेट दर्ज हैं. वहीं टी20 मैचों में उन्होंने 20.03 के एवरेज से 33 विकेट लिए हैं। लिस्ट-ए मैचों में तनुष कोटियन ने 90 और टी20 मैचों में 87 रन बनाए हैं।

# शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे : बीसीसीआई




**मुंबई**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरे से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं भेजा जाएगा। पहले ये माना जा रहा था कि चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए शमी को भेजा जा सकता है। शमी को फिटनेस साबित करने घरेलू क्रिकेट में अवसर दिया गया था पर वह इसमें नाकाम रहे। शमी पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही टीम से बाहर हैं। विश्वकप के दौरान उनके घुटने में चोट लग गयी थी जिसकी सर्जरी भी की गयी पर वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाये हाल में घरेलू क्रिकेट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गयी थी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने भी सीरीज के दौरान कहा था कि शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उनका चयन संभव नहीं है। रोहित ने कहा था कि हम अनफिट शमी को दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठा सकते। वहीं बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने कहा है कि शमी पूरी तरह ठीक हो गए है।. उनका सर्जरी के बाद रिहैब भी पूरा हो गया है।शमी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेलते हुए मध्यप्रदेश के खिलाफ एक मैच में 43 ओवर गेंदबाजी की थी। शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के भी सभी 9 मैच खेले। इसके अलावा उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी को लेकर अतिरिक्त गेंदबाजी सत्र में भी भाग लिया। इस दौरान दबाव पड़ने से उनके बाएं घुटने में सूजन आ गयी। इसको लेकर मेडिकल टीम ने बताया कि शमी ने काफी लंबे समय बाद गेंदबाजी की है। ऐसे में सूजन आना स्वभाविक है। मेडिकल टीम ने जांच में पाया है कि शमी को पहले जैसी गेंदबाजी करने की लय और क्षमता हासिल करने में समय लगेगा। इसी कारण उन्हें अभी टीम में शामिल न करते हुए आराम दिया गया है।


# हैरी ब्रूक होंगे विश्व क्रिकेट के अगले सितारे : दिनेश कार्तिक



**मुम्बई**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे दिनेश कार्तिक ने कहा है कि विश्व क्रिकेट के अगले सितारे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल नहीं बल्कि इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक होंगे। हैरी ने पदार्पण के बाद से ही कई अच्छी पारियां खेली हैं। कार्तिक के अनुसार जिस तरह से हैरी खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वो विश्व क्रिंकेट में काफी आगे जा सकते हैं। इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा , मेरे लिए, ब्रूक युवा पीढ़ी के सबसे खास खिलाड़ियों में से एक हैं, और निश्चित रूप से, जब वह अपना टेस्ट करियर खत्म करेंगे, तो उसे ऐसे खिलाड़ी के रूप में जाना जाएगा जिसने शानदार प्रदर्शन किया है और उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की श्रेणी में आते हैं. उसके पास एक बेहतरीन फ्री-फ्लोइंग बल्लेबाजी तकनीक है। कार्तिक ने साथ ही कहा, सबसे अहम बात, उसके पास एक ऐसा दिमाग है जो उसे बहुत सरल बनाये रखता है। इसलिए, वह बिना किसी संदेह के शीर्ष स्तर पर जा सकते हैं. ब्रूक ने डेब्यू के बाद से ही अब तक 24 टेस्ट मैचों में 2281 रन बनाये हैं। लाल गेंद प्रारुप में ब्रूक ने अपनी बल्लेबाजी से विश्व क्रिकेट को चौंकाया है। यही कारण है कि कार्तिक के अलावा कई पूर्व दिग्गज भी भविष्य का सितारा मानते हैं. ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 8 शतक और 10 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं एकदिवसीय में उनके नाम एक शतक है। वहीं टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीन अर्धशतक शामिल है।

# हेड की मांसपेशिया में आया खिंचाव , कोच मैकडोनाल्ड को मैच तक फिट होने का भरोसा

## बदलावों के साथ उतरेगी मेजबान टीम , कोंस्टास पदार्पण करेंगे



**मेलबर्न**। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड के चोटिल होने से करारा झटका लगा है। दोनो टीमों के बीच 26 दिसंबर से ये टेस्ट खेला जाएगा। अब देखना है कि हेड इस मैच से पहले फिट होते या नहीं। हेड को अपनी चोट के कारण फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा हालांकि कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को विश्वास है कि ये प्रमुख बल्लेबाज मैच के लिए फिट हो जाएगा। टीम अंतिम ग्यारह पर फैसला बुधवार को करेगी। ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय हेड को मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। इस कारण वह बाद में क्षेत्ररक्षण के लिए भी नहीं उतरे थे। हेड ने गत दिवस नेट अभ्यास किया। इसके अलावा वह आउट फील्ड में फिल्डिंग करते हुए भी नजर आये। इसी को देखते हुए कोच ने कहा अभी कोई चिंता की बात नहीं है। ऐसे में मुझे पूरा भरोसा है कि वह खेल सकेगा। इस बॉक्सिग डे टेस्ट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़े बदलावों के साथ उतरेगी। 19 साल के युवा सैम कोंस्टास इस मैच में अपना टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करेंगे। कोंस्टास भारत के खिलाफ बॉक्सिंग-डे पर 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले चौथे सबसे युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन जाएंगे, उनसे कम उम्र में केवल इयान क्रेग, पैट कमिंस और टॉम गैरेट ने ही डेब्यू किया था। मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में कम से कम दो बदलाव होंगे. जिसमें कोंटास नाथन मैकस्वीनी की जगह लेंगे और स्कॉट बोलैंड चोटिल जोश हेजलवुड की जगह लेंगे। उन्होंने कहा कि मिचेल मार्श पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने नेट में लंबा गेंदबाजी स्पेल किया जिससे लग रहा है कि उनकी पीठ की समस्या अब ठीक है। मैकडोनाल्ड ने कहा, मार्श पूरी तरह से फिट हैं और गेंदबाजी के लिए उपलब्ध हैं। ऐसे में ब्यू वेबस्टर या जोश इंगलिस को बॉक्सिंग डे पर टेस्ट डेब्यू का अवसर नहीं मिलेगा।

## व्यापार

# शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत

## सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढ़ा; निफ्टी 23,800 के पार




**मुंबई**। घरेलू शेयर बाजारों की मंगलवार को सकरात्मक शुरुआत हुई और दोनों प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में ओपन हुए हालांकि, कोई मजबूत ट्रिगर पॉइंट नहीं मिलने के कारण बाजार में उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। बीएसई सेंसेक्स 167 अंकों की बढ़त लेकर 78,707.37 पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 78,540.17 पर बंद हुआ था। शुरुआत में सेंसेक्स 233.91 अंक चढ़कर 78,779.55 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 62.95 अंक की बढ़त लेकर 23,816.40 पर कारोबार कर रहा था। इससे पिछले ट्रेडिंग सेशन में विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 168.71 करोड़ रुपये निकाले जबकि घरेलू निवेशकों ने 2,227.68 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। पिछले कारोबारी सत्र में प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 हरे रंग में बंद होने के लिए पांच दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ दिया था। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.64 फीसदी अंक चढ़कर 78,540.17 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 50 0.95 फीसदी बढ़कर 23,753.45 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को कॉनकॉर्ड एनवायरो सिस्टम्स लिमिटेड आईपीओ, सनाथन टेक्सटाइल्स लिमिटेड आईपीओ, ममता मशीनरी लिमिटेड आईपीओ, ममता मशीनरी लिमिटेड आईपीओ, और ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड आईपीओ अपने अलॉटमेंट के आधार को फाइनल रूप देंगे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हेंग सेंग इंडेक्स और चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहा था जबकि जापान का निक्की इंडेक्स 0.33 फीसदी फिसल गया। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को चढ़कर बंद हुए।

# देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या हुई 25,202



**नई दिल्ली**। देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या 25,202 हो गई है। देश में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जर की संख्या अब 25,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। देश के भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि कर्नाटक 5,765 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 स्टेशनों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 1,989 स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 29 सतिंबर 2024 को पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को नोटिफाई किया था, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करना और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इस योजना के लिए दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपये सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने 17 सितंबर को इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश 2024 भी जारी किए थे, जिसमें देश में कनेक्टेड और इंटरऑपरेबल ईवी चार्जिंग नेटवर्क बनाने के लिए मानकों और प्रोटोकॉल की रूपरेखा तैयार की गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार, 4 दिसंबर तक देश में कुल 28,55,015 पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 2,57,169 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन हैं। भारतीय ईवी चार्जिंग मार्केट 2030 तक 3.7 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे इस क्षेत्र में और विकास की संभावना जताई जा रही है। देश में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रकार, चलने के पैटर्न, इलाके और शहरीकरण की स्थिति पर निर्भर करती है।

# देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 7 साल से फरार बिहार का इनामी बदमाश धर्मवीर नोएडा से गिरफ्तार
2 चैंपियंस ट्रॉफी का कार्यक्रम घोषित,भारत बनाम पाकिस्तान 23 फरवरी को दुबई में
3 जयपुर हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15 हुई,18 अभी भी गंभीर हालत में
4 सांसद राशिद इंजीनियर को झटका,दिल्ली कोर्ट से रेगुलर बेल की याचिका खारिज
5 गुजरातःदादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतरे,कोई हताहत नहीं
6 संभल हिंसाःआज 7 और आरोपी गिरफ्तार,91 की तलाश जारी
7 MP:प्रधानमंत्री मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखेंगे
8 अधीर रंजन का PM मोदी को पत्र,कहाःदिल्ली में बंगाल के लोगों को परेशान किया जा रहा
9 कुंभकरण न बने केंद्र सरकारःभूख हड़ताल कर रहे जगजीत डल्लेवाल की सेहत पर बोले किसान
10 कोटपूतलीःबोरवेल में गिरी बच्ची को निकालने का काम 4 घंटे बाद फिर शुरू
11 श्रीलंका द्वारा गिरफ्तार किए गए मछुआरों की रिहाई के लिए CM स्टालिन ने जयशंकर को लिखी चिट्ठी
12 MP:भोपाल में दो समुदायों के बीच झड़प-पथराव,लहराई गईं तलवारें
13 पंजाबःचंडीगढ़ नगर निगम बैठक में हंगामा, आपस में भिड़े पार्षद
14 दिल्ली में फर्जी कागजात बनाने वाले आरोपियों पर कार्रवाई,11 लोग गिरफ्तार
15 दिल्ली चुनावःकांग्रेस CEC मीटिंग में 28 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय,आतिशी के खिलाफ लड़ेंगी अलका लांबा
16 NDA नेताओं की कल शाम जेपी नड्डा के घर होगी चाय पर बैठक
17 कांग्रेस CEC की बैठक में दिल्ली विधानसभा की 35 सीटों पर हुई चर्चा
18 पूछताछ के लिए चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे एक्टर अल्लू अर्जुन
19 इलाज और दवाइयों के बिना लोग मर रहे,दिल्ली के अस्पतालों को लेकर AAP पर स्वाति मालीवाल का निशाना
20 आम बजट की तैयारियां शुरू...PM मोदी आज टॉप अर्थशास्त्रियों से किए मुलाकात
21 अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों के लिए आज करेंगे बड़ा ऐलान
22 श्रीलंका की नौसेना ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में 17 मछुआरों को किया अरेस्ट
23 ओवरसीज बैंक लूट कांडःअब तक 2 एनकाउंटर,लखनऊ के बाद गाजीपुर में आरोपी ढेर
24 गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में आज पूरे यूपी में प्रदर्शन करेगी BSP
25 जयपुर-अजमेर हाइवे पर फिर हादसा,ट्रक ने लो-फ्लोर बस को मारी टक्कर,10 से ज्यादा घायल
26 इजरायली रक्षा मंत्री ने पहली बार हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या की जिम्मेदारी ली
27 पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबीयत बिगड़ी,अस्पताल में हुए भर्ती
28 लखनऊ बैंक लूट कांडःपुलिस मुठभेड़ में मारा गया एक आरोपी,3 गिरफ्तार,लूटा गया माल बरामद
29 लखनऊ के बैंक में चोरी करने वाले आरोपियों के साथ पुलिस का एनकाउंटर,1 बदमाश घायल
30 देश के विकास में युवा ताकत और नेतृत्व की अहम भूमिका,पीएम मोदी ने युवाओं को दिया सफलता का मंत्र
31 UP में 3 खालिस्तानी आतंकी एनकाउंटर में ढेर, पीलीभीत और पंजाब पुलिस का ऑपरेशन, गुरदासपुर में चौकी पर किया था ग्रेनेड अटैक
32 परभणी हिंसाःराहुल गांधी मृतक सोमनाथ के परिवार से मिले,बोलेःये 100% हिरासत में मौत, CM फडणवीस ने विधानसभा में झूठ बोला
33 आंबेडकर को हराने वाले को कांग्रेस ने दिया पद्म भूषण;भाजपा का ऐलान,पूरे देश में चलाएंगे अभियान
34 मणिशंकर अय्यर बोलेःकांग्रेस INDIA ब्लॉक की अगुआई करना न सोचे,ममता बनर्जी में क्षमता है; जो भी विपक्षी गठबंधन को लीड करना चाहे,उसे करने दें
35 संसद के धक्काकांड में घायल भाजपा सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को अस्पताल से छुट्टी
36 पूर्व IAS पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज,UPSC एग्जाम में धोखाधड़ी का आरोप;फर्जी दस्तावेज लगाए थे
37 पुणे में डंपर ने फुटपाथ पर 9 लोगों को कुचला,2 बच्चों समेत 3 की मौत,देर रात की घटना;ड्राइवर नशे में था,गिरफ्तार
38 श्रीनगर में डल झील पर आधा इंच बर्फ की परत,बद्रीनाथ में झरना जमा,राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार,MP में ओले गिरने का अलर्ट
39 घरेलू शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है,आंकड़ों के अनुसार,हर चार 4 नए निवेशकों में से लगभग एक निवेशक महिला है,भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है
40 पांच दिनों की गिरावट के बाद बाजार में हरियाली;सेंसेक्स 499 अंक चढ़ा,निफ्टी 23750 के पार




# बॉक्स ऑफिस पर मुफासा की अच्छी ओपनिंग

## पहले दिन खाते में आए इतने करोड़

'मुफासा: द लायन किंग का रिलीज से पहले काफी बज बन हुआ था. फाइनली ये मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और इसी के साथ इसकी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत हुई है. चलिए यहां जानते हैं 'मुफासा: द लायन किंग ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?'द लायन किंग की रिलीज के पांच साल बाद अब 'मुफासा: द लायन किंग दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट इसलिए बनी हुई है क्योंकि इसके हिंदी वर्जन को जहां शाहरुख खान और उनके दोनों बेटों अबराम और आर्यन के अलावा श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा ने अपनी आवाज दी है. वहीं फिल्म के तेलुगु वर्जन में मुफासा के किरदार को महेश बाबू ने आवाज दी है. बता दें कि डिज्नी की इस एनिमेटिड सीरीज का नाना पाटेकर की वनवास के साथ क्लैश हुआ है वहीं बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 पहले ही धमाल मचा रही है. इन सबके बावजूद 'मुफासा: द लायन किंग की ओपनिंग अच्छी हुई है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुफासा: द लायन किंग ने रिलीज के पहले दिन भारत में 8.80 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसमें पहले दिन फिल्म ने इंग्लिश में 3.5 करोड़, हिंदी में 2.6 करोड़, तेलुगु में 1.7 करोड़ और तमिल भाषा में 1 करोड़ की कमाई की है. मुफासा: द लायन किंग की कहानी एक अनाथ शेर के बच्चे मुफासा की लाइफ के इर्द-गिर्द घूमती है. इस फिल्म में शाहरुख खान ने मुफासा, आर्यन खान ने मुफासा के बेटे सिंबा और सबसे छोटे बेटे अबराम ने बेबी मुफासा को अपनी आवाज दी है. अब देखने वाली बात होगी कि वीकेंड पर शाहरुख खान के स्टारडम के चलते ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करती है.



# तमन्ना भाटिया के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा

## ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी




तमन्ना भाटिया वर्तमान में ओडेला 2 में अभिनय कर रही हैं, जो 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित, फिल्म ने पहले ही महत्वपूर्ण रुचि जगा दी है। तमन्ना ने नागा साधु की भूमिका निभाई है, एक ऐसा किरदार जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। इसी बीच तमन्ना के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका खतरनाक लुक जारी कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, ओडेला 2 के निर्माताओं ने एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें अभिनेत्री को एक खतरनाक नागा साधु अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर में उन्हें खोपड़ियों के एक मैदान में साहसपूर्वक चलते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर उड़ते हुए गिद्ध एक तनावपूर्ण माहौल बना रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म में उनके किरदार की गहन और शक्तिशाली प्रकृति का संकेत देता है। तमन्ना भाटिया ने अपनी भूमिका के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसमें दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले लुभावने स्टंट को परफेक्ट करने के लिए व्यापक रिहर्सल भी शामिल हैं। ओडेला 2 एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जो तमन्ना द्वारा चित्रित अच्छाई और वशिष्ठ द्वारा चित्रित बुराई के बीच तीव्र टकराव पर केंद्रित है। फिल्म की कहानी एक गांव के आसपास केंद्रित है, और कैसे इसके सच्चे रक्षक ओडेला मल्लन्ना स्वामी हमेशा अपने गांव को बुरी ताकतों से बचाते हैं। फिल्म के लिए संगीत अजनीश लोकनाथ द्वारा तैयार किया गया है, जो कंतारा में अपने काम के लिए मशहूर हैं। छायांकन प्रतिभाशाली साउंडराजन एस द्वारा किया जा रहा है। कला निर्देशन राजीव नायर के नेतृत्व में है। ऐसी कुशल और गतिशील तकनीकी टीम के साथ, ओडेला 2 एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

# गुम है किसी के प्यार में को अंकिता खरे ने कहा अलविदा ! सवी की भाभी बन मचाई थी धूम






अनुपमा से रातोंरात बाहर हुई अलीशा परवीन के बाद अब टीवी के एक और पॉपुलर शो की एक्ट्रेस के फैंस को झटका लगने वाला है। जी हां, भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज स्टारर गुम है किसी के प्यार में हरिणी का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस अंकिता खरे अब इस शो में नजर नहीं आएंगी। क्या टीआरपी की रेस में सबसे आगे रहने वाले इस शो में नया मोड़ आने वाला है या फिर कुछ नया देखने को मिलने वाला है। सोशल मीडिया पर कई दिनों से एक्ट्रेस के शो छोड़ने की खबर चल रही थी। हितेश भारद्वाज और भाविका शर्मा अभिनीत शो गुम है किसी के प्यार में 20 साल के लीप के बाद से ही अपने दर्शकों का मनोरंजन करने में लगा हुआ है। कुछ समय पहले ही इस डेली सोप की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। अब एक बार फिर से अंकिता खरे के शो छोड़ने के बाद बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है क्योंकि हरिणी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस अंकिता खरे सवी और रजती की कहानी का अब हिस्सा नहीं होंगी। अंकिता खरे के शो से चले जाने के बाद दर्शक एक्ट्रेस की स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी को जरूर मिस करेंगे। उन्होंने इस शो में भाविका शर्मा उर्फ सवी की भाभी का किरदार निभा कर पहचान बनाई है। यह खबर टीवी एक्ट्रेस अंकिता खरे के फैंस के लिए हैरान करने वाली बात है क्योंकि उनके किरदार और कहानी के लिए उन्हें लोगों के खूब प्यार मिला है। अंकिता शो को अलविदा कहने की तैयारी कर रही हैं।रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने अपने फैसले के बारे में प्रोडक्शन हाउस को पहले ही अपटेड कर दिया है। हालांकि, ये शो कई सालों से रेटिंग चार्ट के टॉप 5 में रहा है। लेकिन, उसके इस किरदार के जाने से टीआरपी में थोड़ी गिरावट देखी जा सकती है।

# मैंने बेबी जॉन में बॉडी डबल का कम किया इस्तेमाल, खुद किए स्टंट : वरुण धवन

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के लिए तैयार है। एक्टर ने अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए स्टंट सीन को लेकर खुलासा किया है। वरुण धवन ने कहा कि उन्होंने बॉडी डबल का कम इस्तेमाल किया और अधिकतर स्टंट खुद किए हैं। वरुण ने कहा, इस फिल्म में एक्शन का पैमाना बहुत बड़ा है और मैंने बॉडी डबल की कम से कम मदद ली। मैंने लगभग सभी स्टंट खुद किए हैं। कलीज के साथ काम करना एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने मुझे हर दिन अपनी शारीरिक सीमाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फिल्म के एक सीन के बारे में बात करते हुए बताया कि सबसे मुश्किल सीन में से एक में उन्हें छह घंटे से अधिक समय तक उल्टा लटका रहना था, जिसने उनकी परीक्षा ली। एक्टर ने आगे कहा, मुझे याद है कि एटली ने एक बार हमें सुरक्षा को प्राथमिकता देने और परफेक्शन की तलाश में जोखिम नहीं लेने के लिए कहा था। यह एक कठिन लेकिन संतोषजनक यात्रा रही। कलीज के डायरेक्शन में बनी बेबी जॉन के निर्माताओं ने इस फिल्म के सीन को कोरियोग्राफ करने के लिए आठ अंतर्राष्ट्रीय एक्शन निर्देशकों की एक टीम को शामिल किया है। इन आठ एक्शन डायरेक्टरों अनल अरासु, स्टंट सिल्वा, अनबरीव, यानिक बेन, सुनील रोड्रिग्स, कालोयन वोडेनिचरोव, मनोहर वर्मा, ब्रॉनविन ने फिल्म में आठ बड़े एक्शन सीन्स को कोरियोग्राफ किया है। एक्शन डायरेक्टरों को एक साथ लाने के बारे में बात करते हुए कलीज ने कहा, हम भाग्यशाली थे कि हमें आठ प्रसिद्ध एक्शन निर्देशकों की एक टीम मिली, जिनमें से प्रत्येक ने अलग-अलग और एक्शन सीन्स को तैयार करने में अपनी अनोखी विशेषज्ञता इस्तेमाल किया। भारत और विदेश दोनों देशों के बेहतरीन एक्शन डायरेक्टरों के साथ मिलकर काम करना एक बड़ा सौभाग्य था। बेबी जॉन में वरुण धवन, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव अहम किरदार में हैं। इस फिल्म को मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है। कलीज के डायरेक्शन में बनी फिल्म 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# पूनम पांडे ने ग्रीन बिकिनी में मचाया धमाल, फैंस हुए घायल

पूनम पांडे का नाम बोल्ड एक्ट्रेस की लिस्ट में आता है. एक्ट्रेस अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाती नजर आती हैं. उनकी हॉट और बोल्ड तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर देखने को मिल जाती है, जिसे देख फैंस बेकाबू होते नजर आते हैं. इसी बीच अब हाल ही में पूनम ने एक बार फिर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर ठंड के मौसम में इंटरनेट पर आग लगा दी है. पूनम पांडे अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर ग्रीन बिकिनी में कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. खुले बाल, लाइट मेकअप और बेहतरीन पोज के साथ पूनम ने फैंस का दिल जीत लिया है. इन तस्वीरों में पूनम का ग्लैमरस अंदाज देखते ही बन रहा है. फैंस उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा, हॉटनेस की कोई हद नहीं. वहीं, कुछ फैंस ने उन्हें क्वीन ऑफ बोल्डनेस कहकर संबोधित किया है. जी हां, पूनम पांडे ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ हद से ज्यादा हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखते ही फैंस के होश उड़ चुके हैं. इन तस्वीरों में वह बिकनी पहन बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में बिकनी में पूनम का किलर अवतार देखने को मिल रहा है. पूनम ने इस लुक में कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं. पूनम पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरों व वीडियोज से फैंस का ध्यान आकर्षित करती रहती हैं. उनकी यह नई पोस्ट भी फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई है.




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।